देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### दो माह पूर्व खोया मोबाइल लौटाया

पटना सिटी (प्राकि)। कंकड़बाग का रहने वाला सचिन कुमार का मोबाइल मालसलामी थाना क्षेत्र के मारूफगंज मोड पर खो गया था। इस संबंध में उसके द्वारा मालसलामी थाना में मामला दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि कंकड़बाग के रहने वाले अरुण सिंह के पुत्र सचिन कुमार करीब दो माह पूर्व मारूफगंज मोड़ के पास उनका कीमती एंड्राइड मोबाइल गुम हो गया था। मामला दर्ज किए जाने के बाद अनुसंधान के बाद पता चला कि उनका मोबाइल पूर्वी चंपारण में है और उसमें लगे सिम से बात हो पा रही है। इसके बाद उस मोबाइल और उसमें लगे सिम को लोकेट करते हुए मोबाइल को बरामद कर लिया गया। इसके बाद कंकड़बाग के रहने वाले सचिन कुमार को बुला कर उनका मोबाइल को लौटा दिया गया। वह मोबाइल पाकर खासा खुश नजर आ रहे थे।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें : मंहत ब्रजेश मुनि महाराज

पटना। मीठापुर स्थित कबीर साई मंदिर में सप्ताहिक सत्संग का आयोजन मंहत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। इस अवसर पर मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, सवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है।

सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर आश्रम के संत करसन मुनि, संत महेश मुनि, लालबाबु आदि उपस्थित थे। इस दौरान महिला मंडल द्वारा कबीर साईं के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया गया।

### महागठबंधन प्रत्याशी अंशुल अविजीत ने किया जनसंपर्क

फतुहा। शनिवार को पटनासाहिब संसदीय क्षेत्र के महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अविजीत फतुहा के कल्याणपुर मुहल्ले में महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ बैठक किया तथा चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श किया। वहीं महागठबंधन प्रत्याशी अंशुल अविजित ने शहर के स्टेशन रोड पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। रास्ते में उन्होंने काली मंदिर में तथा छोटी लाइन स्थित हनुमान मंदिर में आशीर्वाद लिया। बैठक में संजीव कुमार टोनी, प्रो० रामायण यादव, पटना कांग्रेस के पूर्वी जिलाध्यक्ष गुरुजीत सिंह, प्रो० अवधेश कुमार, श्यामनन्दन यादव, विपिन कुमार, माले के पंकज कुमार, सीपीएम के अमरनाथ यादव, शैलेन्द्र कुमार, कामेश्वर क्रांतिकारी, कांग्रेस के संजीत कुमार, शैलेन्द्र यादव, देवमुनि यादव, निशांत कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नफरत व अल्पसंख्यकों को डरा रही मोदी व शाह की सरकार: सलमान



पटना सिटी, पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के चुनाव के संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री जनाब सलमान खुर्शीद का चुनाव भ्रमण के तहत पटना साहिब के अनेक मुहल्ले में गए। भ्रमण के दौरान मितन घाट स्थित खानकाह मुनेमिया गए। वहां हजरत सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनेमिया से मिले और गुफ्तगू किया। इसके बाद खानकाहे बारगाहे इश्क तकियाशरीफ के हजरत सईद शाह आमिर शाहिद से मिले। यहां के बाद वे तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब गए। वहां जाकर गुरु घर का आशीर्वाद लिया। वहां ग्रंथी ने सिरोपा देकर स्वागत किया। इबके बाद मंगल तालाब स्थित खानकाह जमा दिया के सज्जादानशीं सैयद मिसबाह उल हक एमादी से मुलाकात किया। भ्रमण में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा, प्रदेश नेता कौकब कादरी, विधायक प्रतिमा दास, मो हनीफ शेख, सुजीत कुमार कसेरा, शाश्वत पांडेय, अभय जायसवाल, विनोद अवस्थी, शमीम अख्तर, नजमुल हसन नजमी, एसएम सर्फ, सरदार चंद्रपाल सिंह, शरीफ रंगरेज, वार्ड पार्षद मनोज मेहता, प्रशांत बनर्जी, अमित आनंद आदि शामिल थे।

# एम्स पटना में रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह का हुआ आयोजन

# रेटिनोब्लास्टोमा की जांच और इलाज की सारी सुविधा है उपलब्ध : निदेशक, डॉ जी के पाल

- भारत में रेटिनोब्लास्टोमा की घटना सबसे अधिक : डॉ. प्रितांजलि सिंह
- कार्यक्रम का उद्देश्य जन समुदाय के बीच रेटिनोब्लास्टोमा के प्रति जागरूकता पैदा करना : डॉ. अमित राज



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। विश्व रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह के अवसर पर ओपीडी फोयर में रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसका आयोजन कार्यकारी निदेशक डॉ. जी. के. पाल के मार्गदर्शन में और एम्स-पटना के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की प्रोफेसर एवं एच.ओ.डी डॉ. प्रितांजलि सिंह और नेत्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं एचओडी डॉ. अमित राज की देखरेख में किया गया। एम्स-पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी. के. पाल ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि एम्स- पटना में रेटिनोब्लास्टोमा की जांच और इलाज की सारी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने रेटिनोब्लास्टोमा पर जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग और नेत्र विज्ञान विभाग को बधाई दी। एम्स-पटना के चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अनुप कुमार ने बच्चे की आंख और जीवन को बचाने के लिए शीघ्र जांच के महत्व पर जोर दिया। डीन [अकादमिक) डॉ. रुचि सिन्हा भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि माता-पिता को रेटिनोब्लास्टोमा के चेतावनी संकेत के बारे में जागरूक होना चाहिए। डॉ. प्रितांजलि सिंह ने बताया कि रेटिनोब्लास्टोमा बच्चों में होने वाली सबसे आम अंतः नेत्र कैंसर है और दुनिया भर में इसकी घटना 14000 जीवित जन्मों में से 1 से लेकर 34000 जीवित जन्मों में से 1 तक होती है। भारत में रेटिनोब्लास्टोमा की घटना सबसे अधिक है। भारत में प्रति वर्ष लगभग 2000 केस रेटिनोब्लास्टोमा कि होती है। रेटिनोब्लास्टोमा केस की सामान्य आयु 3 वर्ष है। रेटिनोब्लास्टोमा 65-80% मामले में एक आंख में और 20-35% दोनों आंखें में होति हैं। रेटिनोब्लास्टोमा के मरीज ल्यूकोकोरिया, भेंगापन, आंखें लाल होना, आंखों में दर्द, दृष्टि की हानि आदि लक्षण के साथ आते हैं। रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह के दौरान रेटिनोब्लास्टोमा के लक्षणों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पैदा करने के लिये नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ. अमित राज ने माता-पिता को सलाह दी कि यदि बच्चे को नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास ले जाना चाहिए अगर बच्चे की आंख में सफेद चमक है। बच्चे की आंखें टेढ़ी-मेढ़ी, तिरछी आंख वाली हैं। आँख लाल होना या सूजी हुई होना यदि आपके बच्चे की आंख के अंदर कोई सफेद चमकीला धब्बा है, तो उसकी फ्लैश फोटो लें, यह रेटिनोब्लास्टोमा हो सकता है। यदि ऐसे लक्षण मौजूद हों तो बच्चे को किसी नेत्र विशेषज्ञ या नेत्र कैंसर विशेषज्ञ के पास ले जाएं। ओपीडी पंजीकरण क्षेत्र मे ट्रॉमा विभागाध्यक्ष के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में एम्स नर्सिंग छात्रों और कर्मचारियों द्वारा रेटिनोब्लास्टोमा के लक्षणों और इसके बारे में जागरूकता का प्रदर्शन करते हुए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मरीजों और तीमारदारों को नुक्कड़ नाटक पसंद आया इस अवसर पर डॉ. उपासना सिन्हा, अतिरिक्त प्रोफेसर, रेडियोलॉजी, डॉ. नीलेश मणि, सहायक प्रोफेसर, डॉ. सोनी सिन्हा, अतिरिक्त प्रोफेसर, डॉ. देव कांत, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. अमित कुमार सहायक प्रोफेसर, नेत्र विज्ञान उपस्थित थे। नेत्र विज्ञान विभाग, विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग और आघात और आपातकालीन विभाग के सभी कर्मचारियों ने जागरूकता अभियान में भाग लिया।

## एम्स पटना अगले 3 वर्षों में जीवन-रक्षक प्रथाओं में 100 प्रतिशत करता है स्टाफ प्रशिक्षण सुनिश्चित

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। एम्स पटना में आपातकालीन चिकित्सा विभाग गर्व से गुरुवार को आयोजित द्वितीय एएचए मान्यता प्राप्त बीएलएस और एसीएलएस प्रदाता पाठ्यक्रम के सफल समापन की घोषणा करता है। इस कार्यक्रम में माननीयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, प्रो. (डॉ.) जी.के. पाल, चिकित्सा अधीक्षक, डीडीए, ईडी के ओएसडी और आपातकालीन चिकित्सा विभाग के प्रमुख सहित अन्य प्रतिष्ठित अधिकारियों के साथ। पाठ्यक्रम में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मैक्स हेल्थकेयर के सहयोग से एम्स पटना के आपातकालीन चिकित्सा विभाग के एचओडी डॉ दिवेन्दु भूषण द्वारा किया गया था। विशेषज्ञ प्रशिक्षक जैसे श्री गौरव, डॉ. रमित सिंह (निदेशक, आपातकालीन सेवाएं, मैक्स मोहाली), डॉ. राकेश (छात्र कल्याण डीन, कटिहार मेडिकल कॉलेज), और डॉ. नसीरुल (सहायक प्रोफेसर, एनेस्थीसिया विभाग, कटिहार मेडिकल) कॉलेज) ने सीखने के अनुभव को बहुत समृद्ध किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रतिभागियों को नवीनतम अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) दिशानिर्देशों के अनुरूप शीर्ष स्तर का निर्देश प्राप्त हुआ। पाठ्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर), बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस), और एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) में स्वास्थ्य कर्मियों के कौशल को बढ़ाना था।

### बाइक सवार बदमाशों ने गले से चेन झपटने की कोशिश की

दानापुर नगर के अंतर्गत। सुबह टहलने निकली एक बुजुर्ग महिला से बाइक सवार बदमाशों ने गले से चेन झपटने की कोशिश की मगर चेन टूटकर महिला के साड़ी में जा फंसा वहीं बदमाश अपने आपको असफल पाकर फरार हो गये। मामला शनिवार की सुबह रूपसपुर थाना क्षेत्र के सरयुग वाटिका अपार्टमेंट की है। ये सारी वारदात अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। अपार्टमेंट के ब्लॉक बी फ्लैट संख्या 304 की रहने वाली 62 वर्षीय वृद्ध महिला जयमोत्री देवी ने बताया कि वह सुबह टहलने निकली थी। कुछ देर के बाद वह अपने फ्लैट में लौट रही थी। अपार्टमेंट के परिसर में पहुंचने पर बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे और उनके गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए। वे शोर मचाने लगी। अपार्टमेंट में रहने वाले कुछ लोग सहायता के लिए पहुंचे। मगर उनका चेन उनकी साड़ी में गिरा पड़ा मिला। उन्होने बताया कि चेन झपटने के क्रम में चेन गले से टूटकर साड़ी में फंस गया। बदमाशों को उनकी चेन हड़बड़ में नही मिल पाया। पीड़ित बताया कि वह बदमाशों के खिलाफ स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन कर रही है।

### चुनावी पर्यवेक्षक शहनवास सी ने जायजा लिया

फतुहा। पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत फतुहा हाई स्कूल में स्थित डिस्पैच सेंटर सह व्रजगृह का चुनावी पर्यवेक्षक शहनवास सी ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इवीएम की कमीशनिंग, कमीशन्ड इवीएम के भंडारण के लिये वज्रगृह, ईवीएम, वीवीपैट मशीन एवं अन्य मतदान सामग्रियों के साथ पोलिंग पार्टियां एवं सुरक्षा बलों के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर डीसीएलआर अभिलाषा सिन्हा, डीएसपी निखिल कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, सीओ मुकेश कुमार, अखिलेश कुमार राय, फतुहा थानाध्यक्ष रूपक कुमार अम्बुज सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय हीरालाल मिश्र सम्मान एवं संगीत महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज



प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः सांस्कृतिक संस्था त्रिवेणी कला केन्द्र, पटना द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से दिनांक 18 मई से 19 मई 2024 तक 2 दिवसीय ह्लसंगीताचार्य पंडित हीरालाल मिश्र सम्मान एवं संगीत महोत्सवह्व का आयोजन प्रेमचंद रंगशाला, पटना में किया जा रहा है। आज महोत्सव का उद्घाटन दूरदर्शन केंद्र, पटना के निदेशक राज कुमार नाहर ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णा निकेता, पटना के सचिव डॉ० कुमार अरुणोदय तथा मुख्य अतिथि के रूप में अंशुल कुमार पाण्डेय, अधिवक्ता, पटना हाईकोर्ट, संस्था के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार, सचिव विजय कुमार मिश्रा तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सोमा चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की उद्घोषणा की।

इस वर्ष 2024 का संगीताचार्य पंडित हीरालाल मिश्र सम्मान वैशाली के गुरु श्री मदन मोहन शर्मा (शास्त्रीय गायन) तथा झारखंड की गुरु सबिता मिश्र (ओडिसी नृत्य) को प्रदान किया गया।

त्रिवेणी कला केन्द्र, पटना के कलाकारों द्वारा शारदा वंदना एवं तराना की प्रस्तुति की गयी। अदिति, मनीषी नारायण, आँचल पाण्डेय एवं सोनम वंदना में शामिल थे तथा इप्सा, देबश्री कुमारी, अन्विता राज सिंह, रुम्पा डे, विकास कुमार, देव कुमार, विवेक कुमार तथा सौरभ कृष्णा कत्थक तराना में सम्मिलित थे।

इसके बाद नई दिल्ली की सुश्री शताक्षी मिश्रा द्वारा शास्त्रीय गायन की भावभीनी प्रस्तुति की गयी, जिसमे संतोष कुमार हारमोनियम पर संगत कर रहे थे। अंत में नई दिल्ली के कुमार सूरज द्वारा कत्थक नृत्य की प्रस्तुति की गयी।

कल मो. सलीम द्वारा बाँसुरी वादन, श्री शान्तनु राय एवं श्री संगीत पाठक द्वारा तबला एवं पखावज की जुगलबंदी तथा श्रीमती मानसी श्रीवास्तव एवं मो० शाहिद आलम द्वारा कत्थक नृत्य का प्रदर्शन किया जायेगा ।

## एनएमसीएच पटना में रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ा, महिला-पुरुष का अलग

### नवीकरण के लिए अलग केबिन बनाया, तीन -चार सौ भीड़ होगा कम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श लेने आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। खासकर सोमवार, मंगलवार, शनिवार या फिर छुट्टी वाले दिन के दूसरे दिन मरीजों की संख्या दो से तीन हजार के बीच आउटडोर में होती है। इसमें पुराने पर्चा का नवीकरण करने वालों की संख्या ही 200 से लेकर 500 के बीच होती है। मगर इन सबों को सामान्य काउंटर पर ही नया परचा बनवाना या फिर पुराना का नवीकरण कराना होता है। अस्पताल की अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह शनिवार को रजिस्ट्रेशन काउंटर का भ्रमण की। उन्होंने इस दौरान पाया कि जो मरीज यहां चिकित्सीय परामर्श लेने को आते हैं, वह सुबह से ही लाइन में लग जाते हैं। मगर उन सबों को शेड के बाहर मौसम की मार खाकर पर्चा बनवाने के लिए खड़ा रहना पड़ता है। ऐसे में उन्होंने आउटसोर्स के माध्यम से चल रहे पर्चा बनाने का काम करने वाले अमित कुमार से बात की। साथ ही अन्य स्टाफ भी उनके साथ थे। यह निर्णय लिया गया कि काउंटर संख्या एक पर इमरजेंसी और स्टाफ का ही पर्चा बनाया जाएगा। वहीं काउंटर संख्या दो और तीन महिलाओं के लिए होगा, जबकि काउंटर संख्या चार-पांच और छह पुरुषों के लिए पर्चा बनवाने के लिए होगा। वहीं एक छोटा सा केबिन भी मिल गया। यहां पुराना पर्चा पर दिखाने आए मरीज के पर्चा का नवीकरण किया जाएगा। इस पर महज मोहर मार कर दस्तखत किया जाता है। ऐसे में बाकी के छह काउंटर पर इन पुराने पर्चा के नवीकरण वालों की भीड़ दो सौ से लेकर पांच सौ के बीच काम हो जाएगी। अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह ने कहा कि मरीज हित में कुछ अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं, जो समय आने पर बताया जाएगा। मरीजों को इलाज कराने के दौरान कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े, ऐसी व्यवस्था करने में वह लगी हैं।

## उत्पाद विभाग ने आरपीएफ की मदद से ट्रेन से किया शराब बरामद

### तीन गिरफ्तार, 1.20 लाख का 143 लीटर विदेशी शराब जब्त



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग की टीम ने मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी से विदेशी शराब बरामद किया है। इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। यह जानकारी सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस के बोगी से 5 एवं 7 से विदेशी शराब लाया जा रहा है। इसके बाद उत्पाद निरीक्षक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम पटना जंक्शन को रवाना हुई। यहां रेलवे सुरक्षा बल का साथ लिया गया। संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। इस दौरान उक्त ट्रेन के बोगी संख्या एस पांच, छह एवं सात की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान टेट्रा पैक और विदेशी शराब की बोतल पाई गई। कुल 143.46 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। इसका अनुमानित कीमत एक लाख 20 हजार रुपया आंका गया है। इस दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पटना के मालसलामी का रहने वाला सूरज कुमार, मसौढ़ी का रहने वाला सागर चौधरी और नालंदा जिला के रहुई का रहने वाला दीपक कुमार शामिल है। उत्पाद विभाग की टीम तीनों से गहन पूछताछ कर रही है और शराब कारोबार से जुड़े रैकेट के बारे में जानकारी ली जा रही है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। छापेमारी टीम में उत्पाद निरीक्षक कुलवंत सिंह के अलावा दरोगा नरेंद्र कुमार और सिपाही व होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौदा, हुई मौत, आक्रोशित लोगों ने ट्रक को फूंका, पुलिस टीम पर भी किया हमला





- कई थाने की पुलिस ने सम्भाला मोर्चा

प्रात :किरण संवाददाता

बिहटा :- गोपाल विद्यार्थी सडकों पर तेज रफ्तार के कहर लगातार बरपती रहती है जिससे आमलोग की जान माल की खतरा बनी रहती है व आएदिन घटनाएं घटती रहती है हालांकि इसपर नकेल कसने में पुलिस भी विफल साबित हो रहीं है शनिवार को बिहटा में सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर घण्टों जमकर प्रदर्शन किया. लोगों ने बालू लदे ट्रक में आग के हवाले कर दिया, आक्रोशित लोग इतने उग्र हो गए थे कि मौके पर लोगों को शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया. जिसके बाद कई थानों की पुलिस को बुलाकर मामला शांत कराया गया. घटना शनिवार के दोपहर स्थानीय बिहटा सरेमरा पथ स्थित बसौढा गांव के समीप की है, जहाँ एक तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा दिया. जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हैं।

युवक की मौत की खबर से परिजनों में शोक की लहर, मचा कोहराम

मृतक की पहचान नौबतपुर थानाक्षेत्र के अदला गांव निवासी स्व. राजेश यादव के पुत्र अखिलेश कुमार के रूप में हुई है. जबकि घायल व्यक्ति अदला गांव निवासी रामाधार यादव के रूप में हुई है वहीं दूसरे घायल व्यक्ति का पहचान नहीं हो सका है. इधर, मौत की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल ह।

आक्रोशित लोगों ने पुलिस टीम पर किया हमलाः

घटना से आक्रोशित लोगों ने बिहटा सरमेरा पथ को जाम कर दिया और बालू लदे ट्रक में आग लगा दी, जिसके बाद यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया. घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल भी बताए जा रहे हैं।

कई थानों की पुलिस ने सम्भाला मोर्चाः

घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के कई थानों की पुलिस, ट्रैफिक डीएसपी और डीएसपी पंकज मिश्रा, अंचलाअधिकारी मनोज गुप्ता खुद घटनास्थल पर पहुंचे, जिसके बाद आक्रोशित लोगों को काफी समझाया गया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया. इधर घटना के बाद से ट्रक का चालक फरार है।

ट्रक में फंस गई बाइक, मजदूरी करने जा रहा था युवक

मृतक अखिलेश अपने गांव के साथियों के साथ बाइक से बिहटा की ओर मजदूरी करने जा रहा था. जाने के दौरान बसौढा गांव के पास से पीछे से बालू लदा ट्रक ने उसे रौंद दिया और भागने की कोशिश करने लगा. लेकिन बाइक ट्रक में ही फंस गई जिसके कारण अखिलेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए. फिलहाल घायलों का इलाज पटना में चल रहा है. मृतक अखिलेश कुमार की शादी एक साल पूर्व हुई थी और पत्न ी फिलहाल गर्भवती है. इधर मौत की जानकारी मिलने का पत्नी का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना को लेकर डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहटा-सरमेरा पथ के बशौढा गांव के पास अखिलेश कुमार की सड़क हादसे में मौत हो गई. जबकि उनके दो साथी घायल है, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है. घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया था और ट्रक में आग लगाई थी. इस दौरान पुलिस समझने पहुंची तो उनपर पर हमला कर दिया गया. जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बीजेपी करते झूठे वायदे, संवैधानिक व्यवस्था बदलना चाह रहे : मीरा

### कांग्रेस प्रत्याशी व पुत्र अंशुल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष रहीं मीरा कुमार शनिवार को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में थीं। वह कांग्रेस के प्रत्याशी और अपने पुत्र अंशुल अविजीत के पक्ष में वोटरों के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान चला रही थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले केवल झूठे वायदे करना जानते हैं। वह संवैधानिक व्यवस्था को बदलना चाह रहे हैं। ऐसे में पॉलिटिकल व्यवस्था पर संकट आ जाएगा। मीरा कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो भी वायदे किए, वह सब नाकाम रहा है। भाजपा के खिलाफ जनता में आक्रोश है। भले सत्ता पर भाजपा का कब्जा हो, मगर उन्होंने विकास का काम नहीं किया है। देश की जनता संवेदनशील है और सत्ताधारी दल से नाराज भी है। प्रधानमंत्री के पटना में रोड शो पर जनता में कोई फर्क नहीं दिख रहा है। उन्हें जनता की समस्याएं नहीं दिख रही हैं। आज भी उन्हें इस बात का दर्द होता है कि पटना सिटी की सड़कों पर चलना किस कदर मुश्किल है। चौतरफा जाम की स्थिति बनी है। सड़कों की कौन कहे गलियां संकीर्ण हैं। यहां गंदगी के साथ नाला भी जाम पड़ा है। इस दौरान वह नून की चौराहा स्थित स्वर्गीय जीतू लाल महाशय के घर भी गईं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अंशुल अविजीत जीत के मुहाने पर है। उसे पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के हर तबके और वर्ग के लोगों का समर्थन मिल रहा है। इसके पीछे भी कारण है कि भाजपा का पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र पर पिछले 15-20 वर्षों से कब्जा है, मगर पटना की स्थिति देख लीजिए। चारों ओर बदइंतजामी की स्थिति कायम है। पीएम ने अब तक लोगों को पक्का मकान उपलब्ध नहीं कराया है। दो करोड लोगों को नौकरी नहीं दे पाए हैं। पहले वह अबकी बार 400 पार का नारा लगा रहे थे, मगर जब तीन चरण का चुनाव समाप्त हो चुका, तो अब अबकी बार 400 पार का जुमला बोलना बंद कर दिया है। यह सब भाजपा का भड़काऊ पार्टी है, जो सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जनता के बीच भ्रम की स्थिति फैलाकर फिर से सत्ता पर काबिज होना चाहते हैं। श्रीमती मीरा कुमार के साथ कांग्रेसी नेता प्रवीण कुशवाहा, कौकव कादरी, परवेज अहमद, डॉ विनोद अवस्थी, सरदार जगजीत सिंह, सुजीत कसेरा, मो हनीफ शेख, लाला प्रकाश आदि शामिल थे।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स उल्लेखनीय यात्रा का मना रहा जश्न

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स लाइफ्स गुड ऑफर के साथ अपनी 27 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मना रहा है। 27वीं वर्षगांठ का अभियान, जिसका शीर्षक जीवन की अच्छी पेशकश है, ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने और जीवन को आसान और अधिक सुखद बनाने के लिए एलजी की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। लाइफ्स गुड ऑफर के तहत ग्राहक चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर 27% तक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त चुनिंदा एलजी उत्पाद मात्र 27 रुपये में उपलब्ध हैं। उपभोक्ता प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में 27 रुपये का भुगतान कर सकते हैं और शेष राशि का भुगतान चुनिंदा उत्पादों पर आसान ईएमआई में किया जा सकता है। एमडी होंग जू जियोन ने कहा कि हम अपने ग्राहकों के विश्वास और समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं, जो हमारी सफलता की आधारशिला रहे हैं, हम उत्कृष्टता प्रदान करने, अनुभवों को समृद्ध करने और दुनिया में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए समर्पित हैं।

# गठबंधन में शामिल पूरी पारिवारिक पार्टी भ्रष्टाचार का गढ़ : जोशी

## बोलें- लाठी में तेल पिलाते लालूजी का खत्म हो गया सियासी खेल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कांग्रेस और राजद सहित इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद जी का सियासी खेल खत्म हो गया और उनके पुत्र से तो यह हो ही नही पायेगा। उन्होंने कहा, लाठी में तेल पिलाते लालूजी का खत्म हो गया सियासी खेल, तुमसे ना हो पाएगा बाबू तेजस्वी, तुम तो हो हर जगह फेल।




भाजपा मीडिया सेंटर में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने इंडी गठबन्धन पर सियासी हमला बोला।उन्होंने कहा कि आपके गठबंधन में शामिल पूरी पारिवारिक पार्टी भ्रष्टाचार का कर रही है , इसलिए जनता आपको लगातार रेस्ट देने का काम करेगी ।मोदी जी लगातार 23 साल से जनता के लिए काम किए हैं ।तेजस्वी के मोदी जी को रेस्ट देने वाले बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि आप मोदी जी को रेस्ट देना चाहते हैं लेकिन जनता जनार्दन ने केंद्र में 10 साल और बिहार में 15 साल से आपकी पारिवारिक पार्टी को रेस्ट दिया है और जनता फिर से आपको रेस्ट ही देगी।बस 4 जून का इंतजार कीजिए। उन्होंने तेजस्वी पर तंज कसते हुए कहा कि आपको क्रिकेट से भी रेस्ट दे दिया गया ।आपकी राजनीति से भी रेस्ट दे दिया गया है इस बार जीरो सीट के साथ परमानेंटली रेस्ट दे दिया जाएगा ।

केंद्रीय मंत्री ने आगे विरोधियों पर कथित सामाजिक न्याय को लेकर सियासी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय यह है कि भाजपा ने हमेशा आरक्षण का समर्थन दिया है वहीं कांग्रेस ने हमेशा इसका विरोध किया है और राजद उसके साथ मिल गई ।कांग्रेस ने तो बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न तक नहीं दिया जबकि नेहरू जी और राजीव गांधी को भारत रत्न दिया गया। उन्होंने कहा कि मीसा कानून के तहत कांग्रेस ने समाजवादी नेताओं का गला घोंटने का काम किया था। उन्हीं के नाम पर राजद नेता लालू प्रसाद ने अपनी बेटी का नाम रखा। अब उन्हीं के साथ हाथ से हाथ मिलाकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, वहां गरीबों को एक दाना अनाज नहीं दिया गया , लेकिन चुनाव जीतने के लिए 10 किलो अनाज देने का वादा किया जा रहा है। उन्होंने स्वाति मालीवाल के मामले पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजद के ही सहयोगी दल की एक राज्यसभा सांसद के साथ मुख्यमंत्री की आवास पर दुर्व्यवहार किया जाता है और गठबंधन के सभी दल मौन धारण कर लेते हैं ।यही है इनका ह्यबेटी वंदनह्व और आपका महिलाओं के लिए सामाजिक न्याय ।उन्होंने कहा कि भाजपा विरोधी दल होते हुए भी इसके खिलाफ आवाज उठा रही है और यही असली सामाजिक न्याय। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी , प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल , प्रवीण चंद्र पटेल ,रणवीर उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के खून में है भाईचारा और सद्भाव:सलमान खुर्शीद

## बोलें - संविधान और युवाओं के भविष्य को बचाने की जिम्मेदारी इंडिया गठबंधन पर

● दस किलो अनाज, महिलाओं को एक लाख व किसानों को एमएसपी देने के शपथ के साथ आगे बढ़ रही कांग्रेस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन का साथ निभाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश में अराजकता का माहौल बना दिया गया है और जनता को बरगलाने की भाजपा की कोशिशों को इंडिया गठबंधन ने करारा झटका दिया है। देश में केंद्रीय सत्ता से घोर निराशावाद फैल चुकी है लेकिन इंडिया गठबंधन ने पूरे देश की जनता के उम्मीदों को अपने न्याय पत्र के माध्यम से जिंदा रखा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा कि देश भर में चार चरणों के चुनाव समाप्त हो चुके हैं और इंडिया गठबंधन मजबूती से



जीत की ओर अग्रसर है। उन्होंने देश की वर्तमान सत्ता को आम लोगों से दूर बताते हुए कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसानों और मजदूरों के बेहतरी के लिए हम प्रतिबद्ध हैं इसीलिए हम अग्निवीर योजना को सीधे समाप्त करेंगे और महिलाओं को प्रत्येक वर्ष 1 लाख रुपए की राशि और ग्रेजुएट युवाओं को एक लाख का अप्रेंटिसशिप उपलब्ध कराएंगे। साथ ही मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी दर और किसानों की न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाएंगे। इस दौरान वें पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंशुल अविजित के समर्थन में पटना के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क भी चलाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनडीए के लोग इंडिया गठबंधन को लेकर सवाल करते थे कि ये एकजुट कैसे होगा और आज जब हम मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं तो बौखलाहट में वें गलतबयानी कर रहे हैं और मंगलसूत्र छिनने की बेजा कहानी अपने भाषणों में प्रधानमंत्री करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी मंगलसूत्र का महत्व समझती है और अपने अंतिम दम तक लड़ते हुए भारतीय महिलाओं की मंगलसूत्र की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि हम पांच के बदले दस किलो अनाज योजना भी संचालित करेंगे क्योंकि खाद्य सुरक्षा कानून हमने लाया है तो हम इसकी अच्छाइयों को आम जनता तक पहुंचाने को संकल्पित है। संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश भी उपस्थित रहें और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश भर में इंडिया गठबंधन की लहर चल पड़ी है जिससे भाजपा और इसके सहयोगी भयभीत हैं।

संवाददाता सम्मेलन में विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, विधायक प्रतिमा कुमारी दास, शमीम अख्तर , ब्रजेश प्रसाद मुनन, पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल, डॉ अम्बुज किशोर झा , शरबत जहां फातिमा, रीता सिंह,असफर अहमद उपस्थित थे।

# महिलाओं का सम्मान नहीं करते इंडी गठ्बन्धन के लोग : राजीव

## कहा- विपक्ष नीतीश से सीखे महिलाओं का सम्मान करना

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अब राजद के रंग में पूरी तरह रंग चुके हैं। घोटाले के आरोप में जेल यात्रा करने के बाद अपनी एक महिला सांसद को अपने शीशमहल में बुरी तरह पिटवा कर अरविन्द केजरीवाल ने यह साबित कर दिया है कि वह पूरी तरह लालू परिवार के शिष्य बन चुके हैं। इंडी गठबंधन के अन्य दलों की तरह महिला सम्मान व सुरक्षा अब उनके लिए भी सिर्फ बोलने की चीज है। उन्होंने कहा कि एनडीए शासित राज्यों की छोटी-छोटी घटनाओं पर गला फाड़ कर चिल्लाने वाले राहुल-तेजस्वी जैसे नेताओं का स्वाति मालीवाल की घटना पर चुप रहना यह दिखाता है कि इनके मन में महिलाओं के प्रति कोई इज्जत ही नहीं है। वहीं अखिलेश यादव के लिए तो यह कोई मुद्दा ही नहीं है। बंगाल में हुई संदेशखाली की निर्मम घटना पर भी इन नेताओं के दो बोल नहीं फूटे थे और अब इस मुद्दे पर भी इन्होने मुंह में दही जमा लिया है।



जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में इंडी गठबंधन के निगाह में महिलाओं की प्रताड़ना कोई मायने नहीं रखती। इनके गठबंधन के हर दल के चेहरे पर इसकी कालिख पुती है। राजद राज में जहां आम जनता तो दूर बड़े अधिकारीयों की बहू-बेटियां भी सुरक्षित नहीं थी, वहीं कांग्रेस में तो राहुल-प्रियंका के दफ्तर में ही महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की खबरे आती रहती थी। हकीकत में इनके निगाह में महिलाएं अभी भी दोयम दर्जे की नागरिक है जिन्हें कोई अधिकार नहीं मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वास्तव में इन दलों को महिला सम्मान के विषय में श्री नीतीश कुमार जी से सीखना चाहिए। इन्हें देखना चाहिए कि कैसे श्री नीतीश कुमार जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनकी शिक्षा से नौकरी तक के व्यापक प्रबंध किये हैं। उन्हें जानना चाहिए कैसे आरक्षण के जरिये बिहार आधी आबादी को हक देने वाला पहला राज्य बना हुआ है। नीतीश जी जानते हैं कि महिलाएं पूजनीय होती हैं, विपक्ष को भी इस बात को समझ लेना चाहिए।

# दुनिया की उम्मीदों का केंद्र बनकर उभरा भारत : विजय

● विपक्ष के पास न नेता है, न नीयत है और न ही नीति है

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनाव की घोषणा के बाद से ही इंडी गठबंधन के स्वयम्भू नेता देश के अलग-अलग हिस्सों में भ्रम का मायाजाल फैलाने में जुटे हैं ।न इनके पास नेता है, न नीति है और न नीयत है ।वहीं दूसरी तरफ 10 साल में मोदी जी की सरकार ने जो काम किये उसे देश और दुनिया ने जाना और सराहा है ।इसलिए एनडीए के पास 10 साल का रिपोर्टकार्ड भी है और अगले 25 साल में विकसित भारत बनाने का रोडमैप भी है ।



श्री सिन्हा ने कहा कि देश के लोगों ने देखा है कि मोदी जी के शासन में आने के पहले जो बैंक बेहद खराब हालात में थे, पिछले 10 वर्षों में उनकी स्थिति न केवल सुधरी बल्कि आज वे देश के विकास के स्तम्भ बनकर उभरे हैं ।जहां कर की चोरी, कर से बचने के लिए घूसखोरी और असमान कर की व्यवस्था से देश बेहाल था, मोदी जी ने ह्यएक देश एक करह्व की व्यवस्था बहाल कर देश का आर्थिक एकीकरण किया ।डिजिटल पेमेंट की जो व्यवस्था मोदी जी ने बनाई उसे आज दुनियाभर में सराहा जा रहा है । डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था ने लीकेज मुक्त जनकल्याण के साथ भारत में नए रोजगार के अवसर खोले हैं ।ये इंडी गठबंधन वाले लोगों के बीच महंगाई का रोना रो रहे हैं ।लेकिन देश की जनता को पता है कि मोदी सरकार ने महंगाई नियंत्रण के लिए एक स्पष्ट फ्रेमवर्क बनाकर उसे नियंत्रित किया है ।इसलिए पिछले एक दशक में महंगाई दर सबसे बेहतर स्थिति में है ।2014 से पहले देश ने जहाँ महंगाई के दर में दहाई अंक तक की वृद्धि देखी है वहीं अब यह 4-6 प्रतिशत की सीमा में नियंत्रित है ।कोरोना महामारी के बाद जहाँ दुनिया के कई विकसित देश अबतक उबर नहीं पाए हैं ।वहीं हम दुनिया के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले देश तो हैं ही बल्कि आज हम दुनिया की ह्यउम्मीदों के केंद्रह्व के रूप में उभरकर सामने आए हैं । श्री सिन्हा के अनुसार मोदी जी की सोच साफ है कि गरीबों को संवेदना की नहीं सशक्तिकरण की जरूरत है, दूसरों को रोजगार देते हुए अपना विकास करने वालों को प्रताड़ित नहीं प्रोत्साहित करने की जरूरत है ।उनकी इस सोच से देश में विकसित होने का नया विश्वास जगा है ।वहीं दूसरी ओर क्राइम, करप्शन और कमीशन की दुकान चलाने वाले जंगलराज के नायक और उनके 34 वर्षीय ह्यस्कूल ड्रॉप आउटह्व शहजादे लोगों में भ्रम फैलाकर फिर से अपना लूटतंत्र कायम करने के सपने बुन रहे हैं ।श्री सिन्हा ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता अपनी आसन्न हार से इतने हताश हो चुके हैं कि कभी राम को लाने वाले मोदी जी की तुलना औरंगजेब से करते हैं तो कभी उन्हें जमीन में गाड़ने की बात करते हैं ।लेकिन ये लोग भूल गए हैं कि ये जितना कीचड़ उछालेंगे कमल उतना खिलेगा ।ये जितनी गालियां मोदी जी को देंगे, देश की जनता उतनी बार मोदी जी के गले में जीत का हार डालेगी ।

# भारत का आज दुनिया में बज रहा डंका : सम्राट

● बोले- अब हम सोने की चिड़िया नहीं सोने का शेर बना रहे हैं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एनडीए समर्थित लोजपा उम्मीदवार चिराग पासवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले भारत की पहचान सोने की चिड़िया के रूप में होती थी, तब लोग इसे लूटने आते थे। सोने की चिड़िया को लूटने गजनी आया तो फिर मुगल आ गए। इसके बाद अंग्रेजों ने भी इसे लूटा। लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंसेप्ट बदल दिया। अब भारत सोने का शेर बनाने का काम कर रहा जो पूरी दुनिया में दहाड़ रहा है।श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री आज देश को विकसित और समृद्ध बनाने में लगे हैं। पहले कोई सोच भी नहीं सकता था कि कोई प्रधानमंत्री शौचालय बनाने की बात करेगा। लेकिन आज घर - घर



तक शौचालय बनाए गए। घर तक नल का जल पहुंचा और बिजली पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री जी घर - घर सोलर युक्त बिजली पहुंचाने का निर्णय लिया है। जहां लोगों को मुफ्त बिजली मिल सके। बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश को मजबूर नहीं मजबूत सरकार की आवश्यकता है। देश में जब मजबूत सरकार होती है तो कड़े और प्रभावी निर्णय भी लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज जम्मू कश्मीर से धारा 370 को उखाड़ कर फेंक दिया गया। उन्होंने लोगों से देश में मजबूत सरकार के लिए चिराग पासवान को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की।

# अब घर -घर में तेजस्वी मॉडल की चर्चा :गगन



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि अब घर -घर में तेजस्वी मॉडल की चर्चा होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों से जुमलेबाजी और झूठे वादों से धोखा खा चुकी जनता को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव में हीं अपना और अपने बच्चों का भविष्य दिखाई पड़ रहा है। जिस प्रकार पिछले विधानसभा चुनाव के समय उनके द्वारा जो वादे किए गए थे उसे अपने सत्रह महिने के कार्यकाल में हीं पुरा कर विश्वसनीयता के पैमाने पर खड़ा उतरने का काम किया है। यही वजह है कि राजद द्वारा परिवर्तन पत्र के माध्यम से जारी चौबीस जन वचन पर भरोसा कर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। और बिहार के चालीसों सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वी से काफी आगे हैं। राजद ने भरोसा दिया है कि सरकार में आने पर इसी वर्ष 15 अगस्त से हीं एक करोड़ नौजवानों को नौकरी देने का क्रम शुरू कर दिया जाएगा। इसी वर्ष रक्षाबंधन के दिन से हीं बहन-बेटियों को प्रति वर्ष एक रुपए दिए जाएंगे। प्रति व्यक्ति दस किलो अनाज मुफ्त दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को दो सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। पुरानी पेंशन योजना लागू करने के साथ हीं बुजुर्गों एवं अन्य लाभार्थियों को रेलवे टिकट में रियायत पुनः बहाल की जाएगी। गैस सिलेंडर की कीमत 500 रुपए से अधिक नहीं होगी। पेट्रोल और डीजल के दाम कम किए जाएंगे। किसानों के लिए फसलों पर एमएसपी लागू करने के साथ हीं मुफ्त बिजली दी जाएगी। अग्निवीर योजना को समाप्त कर सेना बहाली की पुरानी व्यवस्था लागू करने के साथ हीं रेलवे में पूर्व के मानकों के आधार पर बहाली शुरू की जाएगी। स्वास्थ्य अधिकार कानून बनाकर सरकारी खर्चे पर इलाज की व्यवस्था लागू की जाएगी। जातिगत जनगणना कराकर सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अर्धसैनिक बलों के शहादत को भी शहीद का दर्जा दिया जाएगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा देश के संविधान को बचाना है। चुंकि भाजपा का मातृ संगठन ह्यआरएसएसह्व संविधान लागू होने के समय से हीं इसे बदलने की बात करती रही है।इस चुनाव के दौरान भी भाजपा के कई नेताओं ने अपने दल की मंशा को सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं।

# बिहार से राजद और कांग्रेस का राजनीतिक सफाया हो जाएगा : उमेश



● परिवारहित सर्वोपरि की नीति पर चलने वाले को जनहित की चिंता नहीं

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने पाँचवे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हाजीपुर लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान के लिए वोट मांगा और उन्होंने श्री चिराग पासवान के साथ हाजीपुर में मेगा रोड शो भी किया। इस दौरान श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिनके लिए परिवारहित सर्वोपरि है वें कभी जनहित की चिंता नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस की राजनीति परिवारतंत्र के इर्दगिर्द ही घूमती रही है, जबकि एनडीए गठबंधन का जनतंत्र में अटूट विश्वास है। जनता की सेवा हमारी राजनीति का एकमात्र ध्येय है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीते 18 वर्षो के शासन में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वंचित और शोषित वर्ग के जीवनस्तर को नया आयाम दिया है। वर्ष 2005 के बाद बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ, और श्री नीतीश कुमार ने बिहार में ठप पड़े विकास की गाड़ी को नई गति प्रदान की। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में भी बिहार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। तेजस्वी के माता-पिता ने अपने 15 वर्षो के शासन में बिहार को कंगाल और बदहाल बना दिया था। लालू परिवार ने सरकारी खजाने को लूटकर अपने घर की तिजोरी में भरने का काम किया और आज कार्रवाई होती है तो यही लोग संविधान का रोना रोते हैं।

श्री कुशवाहा ने कहा कि लूट, हत्या, अपहरण, बलात्कार और हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार लालू-राबड़ी के 15 वर्षों की उपलब्धि रही है लेकिन तेजस्वी यादव वोट मांगने जाते हैं तो अपने माता-पिता के उपलब्धियों की चर्चा करने बजाए हमारे नेता के कामों का झूठा श्रेय लेते है। जनता के बीच जाकर अपने माता-पिता के शासनकाल की चर्चा करने की हिम्मत उनमें नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झूठे और ठग लोगों को बिहार की जनता पहचान चूकी है। पिछली बार की तरह इस बार भी राजद को बिहार में एक भी सीट नसीब नहीं होगा। प्रदेश की जनता का पूरा अशीर्वाद और समर्थन मोदी-नीतीश की जोड़ी के साथ है, 4 जून को बिहार से विपक्ष का राजनीतिक सफाया हो जाएगा।

# तुष्टिकरण से लेकर जातिवाद की राजनीति कांग्रेस का चुनावी मुद्दा : मंगल

● सनातन विरोध व टुकड़े - टुकड़े गैंग को समर्थन कांग्रेस का सबसे बड़ा पाप

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने सनातन विरोध व टुकड़े.- टुकड़े गैंग के समर्थन के लिए कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कांग्रेस के पतन का कारण सनातन विरोध है। जो सनातन धर्म का नहीं, वह भारत का भी नहीं हो सकता है। सनातन विरोध ने ही कांग्रेस से पिछले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता ने सत्ता छीन लिया था। अब पुनः केंद्र में तीसरी बार जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सौपेगी ताकि जनहित कार्य जारी रहे। कांग्रेसी राम विरोधी, गरीब विरोधी, विकास विरोधी, महिला सम्मान विरोधी, युवा विरोधी, सेना विरोधी एवं रोजगार विरोधी हैं। ये कभी सेना का अपमान करते हैं तो कभी महिलाओं का अपमान। कांग्रेस की अगुवाई वाली इंडी गठबंधन टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन कर रही है। जो देश की विभाजन का ख्वाब पाले हुए हैं। सनातन विरोध का पाप और जातिवाद की राजनीति कांग्रेस को इस चुनाव में भी ले डूबेगी।



श्री पांडेय ने कहा कि देश में कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के खिलाफ एक लहर है। पूरा देश उनके खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहा है। इंडी गठबंधन के लोग कान खोलकर सुन लें कि सनातन के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सनातन धर्म सबको साथ लेकर चलता है। मगर वर्षों से कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने जमकर सनातन का विरोध किया है। कांग्रेस भी वामपंथी विचारधारा से ओतप्रोत हो गयी है। जनता अब खुलेआम कन्हैया जैसे इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के प्रति अपना आक्रोश जता रही है। जिससे साफ हो गया है कि देश की सम्मानित जनता का मिजाज इंडी गठबंधन के प्रति कैसा है। आज कांग्रेस पर हिंदू विरोधी और हिंदुस्तान विरोधी होने के आरोप लग रहे हैं। यही उनकी असलियत है। श्री पांडेय ने कहा कि 1947 में हम एक विभाजन देख चुके हैं। अब धर्म के नाम पर देश का विभाजन नहीं होना चाहिए। कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी दिनभर धर्म-संप्रदाय की बात करते रहते हैं। उनको बताना चाहिए कि इमरजेंसी, सिख दंगा, भागलपुर दंगा, राम मंदिर का विरोध, कारसेवकों पर गोली चलवाना, कर्नाटक में पीएफआई की जगह बजरंग दल पर बैन लगाने समेत अनगिनत जघन्य पाप उनकी पार्टी ने क्यों किया। कांग्रेस पार्टी में सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और अब श्री खरगे खुलकर हिंदू विरोध की राजनीति कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार महंगाई रोकने में फिसड्डी : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महंगाई पर काबू पाने में विफल साबित हुई है। खुदरा महंगाई दर 7.74 फीसदी पहुँच गई है। देश लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही थोक महंगाई भी बढ़ने लगी है। थोक महंगाई उच्च स्तर पर पहुँच गई है। बेरोजगारी बढ़ने और प्रति व्यक्ति आय घटने से बाजार में संतुलन नहीं बन पा रहा है और लगातार महंगाई बढ़ती ही जा रही है। खाद्य सामग्रियों के साथ साथ विनिर्माण और बिजली क्षेत्र में भी महंगाई बढ़ रही है। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 में महंगाई कम करने के वायदे के साथ सत्ता में आयी थी, लेकिन पिछले दस वर्षों में महंगाई आसमान छूने लगी है। खाद्य वस्तुओं के साथ साथ डीजल, पेट्रोल, घरेलू गैस, विनिर्माण और बिजली की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि महंगाई का एक बड़ा कारण विकास दर में असंतुलन है। कुछ क्षेत्र में विकास दर काफी ऊंची है तो कुछ में नीचे का रुख बना हुआ है। थोक महंगाई बढ़ने का अर्थ है कि खुदरा महंगाई बढ़ेगी और देश की जनता की जेब ढीली होगी। यही कारण है कि खाद्य वस्तुओं के साथ साथ सब्जियों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। देश की जनता लोकसभा चुनाव में महंगाई पर रोक लगाने में विफल केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ है और सत्ता से हटाकर इन्डिया गठबंधन की सरकार बनाने जा रही हैं।

# बहकावे में आकर डूबते नाव की सवारी करना बंद करें अल्पसंख्यक समाज: शाहनवाज

पटना। 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। पूरे देश में मोदी की लहर नहीं बल्कि सुनामी चल पड़ी है। अल्पसंख्यक समाज को नरेंद्र मोदी को वोट कर प्रधानमंत्री बनाने के मिशन पर काम करना चाहिए ।डूबते नाव की सवारी करना अल्पसंख्यक समाज बंद करें ।अल्पसंख्यक समाज को अब तक बहकाया और ठगा गया है। मोदी भाई जान ही हैं अल्पसंख्यक समाज के सबसे बड़े हितैषी। मोदी सरकार में किसी से भी कोई भेदभाव नहीं हुआ और आगे भी नहीं होगा, यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन का ।पांचवें चरण की वोटिंग के लिए प्रचार का समय खत्म होने से पूर्व सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फिर से प्रधानमंत्री बनना देश हित में है और यह भी तय है कि नरेंद्र मोदी 400 पार सीटों से तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को अपने वोट से यह सुनिश्चित करना होगा कि नई सरकार में उनकी भी पुरजोर भागीदारी हो। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के लिए हिंदुस्तान से अच्छा देश और मोदी से अच्छा कोई दोस्त नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की किसी भी योजना में किसी जाति-धर्म, वर्ग या समाज से कोई भेदभाव नहीं किया गया ।मोदी सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद को बिना किसी भेदभाव के मिला है ।नरेंद्र मोदी हर देशवासी को एक चश्मे से देखते हैं और हर भारतीय से प्यार करते हैं। उनकी प्राथमिकता हाशिए पर मौजूद देश के कमजोर, गरीबों को बिना किसी भेदभाव के समाज के ऊपरी पायदान पर लाना है और वो दिनरात हर भारत वासी के लिए मेहनत करते हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी सबके लिए सोचते हैं, सबके लिए करते हैं। उनकी एक भी योजना नहीं है जो किसी को छोड़कर बनाई गई है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास झ इसी मंत्र पर उनका अब तक का पूरा कार्यकाल आगे बढ़ा है। आगे भी उनका यही मंत्र रहेगा। पिछले 10 साल में पीएम आवास, गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत, मुद्रा योजना समेत जो भी अनेकों योजनाएं आईं, उनमें से एक में भी जाति धर्म का फर्क नहीं किया गया। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने काम से देश नहीं दुनिया के कई देशों का दिल जीता है ।उन्होंने कहा कि कई मुस्लिम देश नरेंद्र मोदी के फैन है और उनके कार्यों की सराहना करते हैं। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जब दुनिया के मुसलमान मोदी की तरफ देख रहे हैं तो हिंदुस्तान के अल्पसंख्यक समाज को भी किसी के बहकावे या फरेब में आने की जरूरत नहीं है।

# दीघा घाट पर मतदाता जागरूकता अभियान, जरूर करें मतदान

## जागरूकता : गीत-संगीत के जरिए वोटरों को किया गया प्रेरित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

एक जून को पाटलिपुत्र एवं पटना साहिब लोक सभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त अनिमेष कुमार पराशर की पहल पर पटना नगर निगम द्वारा चकाचक पटना, चकाचक मतदान केन्द्र अभियान के तहत पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर तथा निर्वाचन आयोग मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने गीत संगीत के साथ युवा वोटरों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम में डॉक्टर नीतू नवगीत ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा



लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निगम के सभी संचार माध्यमों द्वारा संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। निगम द्वारा इंडियन वोटर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम ने अभिभावकों और बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन करके उनके स्किल को बढ़ाने और मतदान करने के लिए प्रेरित करने का फैसला लिया है। दीघा घाट पर इंडियन वोटर लीग के लिए बनाये गये जागरूकता जोन में निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्राण्ड एम्बेसडर तथा पटना जिला मतदाता जागरूकता अभियान की स्वीप आइकॉन नीतू नवगीत एवं दूसरे विशेषज्ञों द्वारा युवाओं को गायन, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, काव्य-पाठ, पेंटिंग और क्राफ्ट की ट्रेनिंग दी जाएगी। नीतू नवगीत ने चला भैया चला कर मतदान, हमें अपना फर्ज निभाना है, 1 जून को मतदान केंद्र पर आना है जैसे गीतों के माध्यम से सबको मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याण



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जैन धर्मावलंबियों ने 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याण मनाया पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया। प्रातः से हीं श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्ध्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। भगवान के ज्ञानकल्यानक के मौके पर मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय में सुबोध जैन फंटि एवं अन्य ने शांतिधारा एवं पूजन किया। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा अर्चना करने में सुनील बड़जात्या जैन, दीपक कासलीवाल, प्रदीप छाबड़ा, राजकुमार पाटनी, संदीप छाबड़ा, धवल कासलीवाल सहित अन्य थे। कमलदह मंदिर में सोनू जैन एवं अन्य ने पूजा किया। उधर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने बताया कि भगवान महावीर की ज्ञानकल्यानक स्थली मलयगिरी तीर्थ जमुई में भी श्रद्धालुओं ने ज्ञानकल्यानक की पूजा अर्चना की ।भगवान महावीर स्वामी जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर ने 12 साल तक मौन व्रत रख कठिन तपस्या के बाद केवलज्ञान प्राप्त किया। इसके बाद महावीर ने विश्व कल्याण के लिए जगह जगह उपदेश दिए। भगवान महावीर ने अपने प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह पर सबसे अधिक जोर दिया। त्याग, संयम, प्रेम, दया और सदाचार ही उनके प्रवचनों का सार है। भगवान महावीर ने कहा जो मानव जीवन में सुख प्राप्त करना चाहते है वह अहिंसा का पालन करें। जीवन का लक्ष्य है समता, जो समय यानी हर पल के महत्व को जानता हो। हर पल को लेकर जो जागरूक हो, वह जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर होता रहेगा। भगवान महावीर का निर्वाण 72 वर्ष की आयु में कार्तिक कृष्ण (अश्विन) अमावस्या को पावापुरी (बिहार) में हुआ था। निर्वाण दिवस पर जैन धर्मावलंबियों द्वारा घर-घर दीपक जलाकर दीपावली मनाई जाती है।


पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेलवे के आई॰ आर॰ ई॰पी॰एस॰ वेव पोर्टल पर एकल पॉकेट पद्धति के अधीन खुली ई–निविदा के रूप में आमंत्रित की जाती है:

निविदा सूचना सं॰ : यॉ/टी॰सी॰–21 ऑफ 2024 (खुली ई निविदा) दि॰ 10.05.2024, कार्य का नाम : बल्क आरएसपी के माध्यम से ब्रेक सिस्टम के साथ एफएसडीएस के लंबित एकीकरण का निष्पदान – (1232/18–19,536/23–24), निविदा लागत (रु॰ में) : ₹72,61,248/–, बयाने की राशि (रु॰ में) : ₹1,45,300/–, कार्य समाप्ति अवधि : एक सौ अस्सी दिन।

1. आई॰ आर॰ ई॰ पी॰ एस॰ वेव पोर्टल पर ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय दि॰ : 03.06.2024 एवं समय 12:30 बजे तक | 2. ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय – दि॰ 03.06.2024 समय 1:00 बजे | 3. वेव साईट का विवरण जहॉ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है www.ireps.gov.in.

वरि॰ मंडल यां॰ ईजी॰//
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/00305/एसपीजे/यां/टी/24–25/36

## संक्षिप्त खबरें

### सुशील मोदी को दी गई श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर । स्थानीय नवयुवक समिति सरैयागंज के ज्ञान मोहन कक्ष में शहर के साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों द्वारा सांसद एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया । श्रद्धांजली सभा में नवयुवक समिति ट्रस्ट सरैयागंज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पोद्दार, रणवीर अभिमन्यु, डॉ. तारण राय, पूर्व उप मेयर सुरेश, स्वंर्णिम कला केंद्र की अध्यक्षा एवं लेखिका,, रंगकर्मी उषाकिरण श्रीवास्तव, साहित्यकार हरिकिशोर सिंह, मुन्नी चौधरी, मोहन प्रसाद सिंह आदि ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की । स्वंर्णिम कला केंद्र की अध्यक्षा एवं लेखिका उषाकिरण श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार छात्र आंदोलन के नेता, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह
भाजपा प्रखर नेता सुशील कुमार मोदी की राज्य एवं देश की सेवा मे महत्वपूर्ण योगदान रहा । मानवीय जीवन एवं देश के प्रति समर्पित उनका कृतित्व और व्यक्तित्व सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

### भाकपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

मुजफ्फरपुर । लोकसभा क्षेत्र मुजफ्फरपुर से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद की जीत सुनिश्चित करने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी क्षेत्र के सभी छः विधानसभा क्षेत्र में सघन जन सम्पर्क अभियान चला रही है। इस क्रम में भाकपा ने आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बोचहां तथा मुजफ्फरपुर शहर में जनसम्पर्क अभियान चलाकर कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद को समर्थन देने की अपील की। जन सम्पर्क के दौरान मतदाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार कै दस वर्षो के कार्यकाल में महंगाई बेशुमार बढ़ी है, रोजगार के अवसर घटे है, किसानों की हालात बिगड़ी है और गरीब-मजदूर के संकटों में इजाफा हुआ है। केन्द्र सरकार अपना पूरा दस वर्ष कारपोरेट घरानों की तीमारदारी और साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने में बीता दिया। इन्होंने संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने के लिए तथा महंगाई और बेरोजगारी हटाने के लिए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजय निषाद को भारी मतों से जीत दर्ज कराने की अपील की ।जनसम्पर्क में पार्टी के जिला सचिव रामकिशोर झा, राज्य परिषद् सदस्य शम्भू शरण ठाकुर, सहायक जिला सचिव चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, जकी अहमद, शत्रुघ्न प्रसाद, छात्र नेता गौरव कुमार सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया

### डीएम ने दिया स्वच्छ और शांतिपूर्ण चुनाव कराने का निर्देश

मुजफ्फरपुर ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार द्वारा मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने तथा सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रतिनियोजित सीएपीएफ को संयुक्त ब्रीफिंग आज समाहरणालय सभागार किया गया। अधिकारीद्वय ने चुनाव के शांतिपूर्ण संचालन हेतु सक्रिय एवं तत्पर रहने, विश्वास बहाली करने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं भयरहित संपन्न कराने का निर्देश दिया। बताते चलें कि मुजफ्फरनगर संसदीय क्षेत्र में कल सोमवार को वोट डाले जाएंगे।जिला प्रशासन ने भय रहित, शांतिपूर्ण और स्वच्छ मतदान सम्पन्न कराने की मुकम्मल व्यवस्था कर लिया है।

### नदी में डुबने से दो किशोर की हुई मौत

कल्याणपुर, चकमेहसी थाना क्षेत्र के फुलहटा गांव के एक किशोर शनिवार को स्कूल से छुट्टी होने के क्रम में शांति नदी एकराही पुल के समीप में स्नान करने गया। जहां उक्त किशोर की डूबने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं ग्रामीणों का बताना है कि उक्त किशोर स्कूल से छुट्टी हो गया था। जहां घर जाने के क्रम में शांति नदी में स्नान करने चला गया। जहां शांति नदी में पैर फिसल जाने के कारण डूबने से मौत हो गया। वहीं दूसरी ओर सैदपुर पंचायत के बसुआरी गांव में एक किशोर भैंस को स्नान कराने गया। जहां भैंस को स्नान करने के दौरान किशोर स्वयं गंडक नदी में स्नान नदी में स्नान करने लगा। जहां उक्त किशोर की डूबकर मौत हो गया। वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि दोनों किशोर के सब को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया है।

# डीईओ व एसएसपी ने संयुक्त रूप से मतदान कर्मियों को किए सम्बोधित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजीव रौशन व वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी द्वारा संयुक्त रूप से लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के दो विधानसभा केवटी एवं जाले के लिए प्रतिनियुक्त सभी संबंधित मतदान पदाधिकारीयों को कई आवश्यक निर्देश दिए सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जाले के लिए बनाए गए ईवीएम डिस्पैच सेंटर दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग केवटी हेतु बनाए गए केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल दरभंगा डिस्पैच सेन्टरों पर उपस्थित मतदान कर्मियों और पदाधिकारीयों चुनाव से संबंधित सभी कार्यों को बिंदुवार समझाया गया।



उन्होंने कहा कि पूरी उम्मीद है कि केवटी एवं जाले विधानसभा के मतदान कर्मियों अपना कर्तव्य सही तरीके से निर्वाहन,तत्परता पूर्वक करेंगे ।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में अपना काम करते हुए शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराएंगे ।मतदान 20 मई को पूर्वाह्न 7 से अपराह्न 6 तक मतदान कराई जाएगी। मतदाताओं को मतदान में सुविधा के लिए मतदाता पर्ची दिया गया है लेकिन यदि कोई मतदाता पर्ची नहीं लेकर भी आता है तो,उसे बाहर नहीं करेंगे, सहायक बीएलओ के पास उसका सीरियल नंबर अल्फाबेटिकल रखा रहता है उसे मिलान कर लें या मतदाता के द्वारा मतदाता एप्प माध्यम से भी क्रमांक पता करके आता है तो मिलान कर लें और 12 वैकल्पिक दस्तावेज से किन्ही एक दस्तावेज से वे वोट कर सकते है। बुजुर्ग मतदाता एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर की आवश्यकता होती है तो उपलब्ध करा दें। सभी मतदान केन्द्रों पर दो-दो व्हीलचेयर कुर्सी उपलब्ध करा दी गई है। सभी मतदान केन्द्रों पर मेडिकल किट्स उपलब्ध करा दिया जाएगा, यदि किसी मतदाता को भी जरूरत पड़ेगी तो उसके लिए एक अलग से हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग का गाइडलाइन नहीं है कि आप लोग मीडिया को बयान देने के लिए प्राधिकृत हैं, इसलिए आप लोग को कोई बयान नहीं देना है। मीडिया कतार में लगे मतदाता का फोटो ले सकते हैं। मीडिया ईवीएम कंपार्टमेंन्ट क्षेत्र का फोटो नहीं ले सकते हैं। मतदान समाप्ति के उपरांत फोर्ड एवं आर के कॉलेज मधुबनी में संग्रह होगा। वरीय पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए कहा कि सामग्री प्राप्त करने के बाद कहीं रुकना नहीं है,सभी लोग बूथ पर ही जाएं।किसी के लालच में नहीं आना है यदि शिकायत मिलेगी तो सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पताल में भर्ती मरीज को ब्लड के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।पौने दो वर्षों से प्रतिक्षित अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में ब्लड बैंक 17 में से विधिवत चालू हो गया। पांच स्वास्थ्य कर्मियों ने ब्लड डोनेट कर इस प्रतीक्षारत ब्लड बैंक का शुरूआत कराया। अस्पताल के प्रभारी उपाधिक्षक डॉ कुमारी भारती एवं ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर संजन संजू की उपस्थिति में ब्लड बैंक को अमली जामा पहनाया गया । इसकी शुरूआत शुक्रवार को अस्पताल में पांच स्वास्थ्य कर्मी ने ब्लड देकर की। प्रभारी उपाधीक्षक डॉ कुमारी भारती की उपस्थिति में शुरू किया गया। गंभीर रूप से बीमार मरीज के अभिभावक को ब्लड के लिए दरभंगा डीएमसीएच का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक 17 मई को स्वास्थ्य प्रबंधक सहित पांच स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना ब्लड डोनेट ब्लड बैंक बेनीपुर में किया। प्रभारी उपाधीक्षक ने बताया कि ब्लड के अभाव में बड़ा ऑपरेशन अस्पताल में नहीं होता था। इन समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने बताया कि ब्लड जमा करने के लिए बैग उपलब्ध नहीं होने के कारण ब्लड बैंक चालू नहीं हो रहा था। फिलहाल 70 बैग मिल गया है। ब्लड बैंक में ब्लड जमा करने वाला बैग के लिए कई बार पत्राचार करने के बाद सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक में तीन स्वास्थ्य कर्मियों को कुशेश्वरस्थान, बिरौल आदि जगह से प्रतिनियुक्त किया गया है। स्थाई कर्मी अब तक उपलब्ध नहीं है। अनुमंडल अस्पताल ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ संजन संजू को बनाया गया है। ब्लड बैंक के प्रभारी ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल में भर्ती मरीज को आवश्यकता पड़ने पर निशुल्क ब्लड दिया जाएगा। परंतु एक डोनर को ब्लड डोनेट करना पड़ेगा। अस्पताल में सिर्फ लाल खून मिलेगा। प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती मरीज को 500 रुपये शुल्क के साथ डोनर से ब्लड लेने के बाद खून दिया जाएगा। भर्ती मरीज का ब्लड ग्रुप के आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध होने पर ही खून दिया जाएगा। अनुमंडल अस्पताल में सिर्फ स्वास्थ्य विभाग से होल ब्लड बैंक चलाने की स्वीकृति मिला है। प्लेटलेट एवं प्लाज्मा उजाला खून मिलने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके लिए मरीज के अभिभावक को डीएमसीएच ही जाना पड़ेगा। बेनीपुर के ड्रग इंस्पेक्टर शंभूनाथ ठाकुर ने बताया कि 31 अगस्त 2022 को बेनीपुर अनुमंडल को ब्लड बैंक का लाइसेंस स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिला था।

# जलवायु अनुकूल खेती से ढ़ाई गुना बढ़ी आमदनी ग्यारह जिलै के लगभग साठ गांवो में चल रहा है शोध



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र ने पाया है कि जलवायु अनुकूल खेती की तकनीक अपनाने से किसानों की आमदनी में ढ़ाई गुना से अधिक वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। फसल पर अत्यधिक तापमान और बेमौसम बारिश तूफान का असर भी कम होता है। केंद्र ने अनुसंधान में कई ऐसे निष्कर्ष निकाले हैं जो आने वाले समय में कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। ऐसा अक्सर देखा जाता है कि गेंहू के फसल पकने के समय अक्सर बेमौसम बारिश और तेज हवा आ जाती है जिससे गेंहू के उत्पादन में लगभग बीस से चालीस प्रतिशत तक की कमी आ जाती है। इसको लेकर कुलपति डॉ पी एस पांडेय के निर्देश पर विभिन्न जिलों के गांव में अनुसंधान किये गये और यह पाया गया कि यदि गेंहू की जड़ मजबूत हो तो तेज हवा और बारिश का असर लगभग नब्बे प्रतिशत तक कम हो जाता है । इसके लिए जीरो टिलेज विधि से बुआई करना फायदेमंद होता है। जीरो टिलेज विधि में खाद की भी समुचित मात्रा का प्रयोग होता है। जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ रत्नेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से हर सप्ताह किसानों के लिए कृषि सलाह तथा मौसम की जानकारी दी जाती है। इससे होने वाले फायदे को लेकर भी वैज्ञानिक तरीके से पता करने की कोशिश की गई। मौसम की जानकारी से किसानों को सिंचाई लागत में लगभग साठ प्रतिशत की कमी देखी गई है। बिहार में गेंहू धान के अतिरिक्त मूंग की फसल को लेकर गांवो में किसान को जलवायु अनुकूल खेती करने से वर्ष में लगभग तीस से बत्तीस हजार रुपए की अतिरिक्त आमदनी हुई है। गेंहू की फसल उत्पादन में में साठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने बताया कि जलवायु अनुकूल खेती के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर भी जानकारी इकट्ठा की गई जिससे पता चला है कि अधिक आय का लगभग तीस प्रतिशत किसानों ने शिक्षा पर खर्च किया। विश्वविद्यालय की ओर से किसानों को लीफ कलर चार्ट उपलब्ध कराया गया है। पत्ते के रंग को मिलान कर खाद का छिड़काव करने से किसानों को लागत में बीस से तीस प्रतिशत तक की कमी हुई है। इसके अतिरिक्त मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढी है। वैज्ञानिक डॉ एस पी लाल ने बताया कि धान की फसल के साथ जलवायु अनुकूल खेती करने वाले किसानों ने मेड पर अरहर का पौधा भी लगाया। इससे तेज हवा से धान की सुरक्षा हुई साथ ही मिट्टी में नाइट्रोजन की गुणवत्ता भी अच्छी हुई। किसानों को इससे लगभग तीस प्रतिशत तक आमदनी भी बढी और घरेलू दाल की जरूरत भी पूरी हो गई। जलवायु अनुकूल खेती से किसान की आमदनी में लगभग दो सौ पचहत्तर प्रतिशत तक की वृद्धि होती है और मिट्टी की गुणवत्ता भी अच्छी होती है।

# पुनम हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच कराए सरकार : भाकपा



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर भाकपा-माले व छात्र संगठन आइसा के नेताओं की संयुक्त टीम ने मुशहरी प्रखंड स्थित रजवाडा. अंबेडकर छात्रावास पहुंच कर पिछले दिनों दलित छात्रा पूनम की मौत जो हत्याकांड है, की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जांच टीम ने पाया कि छात्रावास के प्रबंधक तथा अन्य लोगों से मिली जानकारी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अंबेडकर छात्रावास का प्रशासन हत्याकांड को आत्महत्या का षड्यंत्र करने में जुटा है। ऐसी स्थिति में सरकार को उच्च स्तरीय जांच कराते हुए छात्रावास के प्रशासनिक अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पुलिस-प्रशासन द्वारा दलित छात्रा पूनम हत्याकांड को आत्महत्या साबित करने की साजिश की जा रही है जबकि स्थिति से स्पष्ट है कि हाजीपुर दलित छात्रावास में डीका हत्याकांड की तरह ही यह हत्याकांड है। पीड़िता के पिता पश्चिम चंपारण के रामनगर प्रखंड स्थित गोवर्धन गांव के लालजी मांझी ने विद्यालय प्रशासन पर अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाया था। और सरकार से हत्याकांड की जांच की मांग की थी। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी भी नहीं होना संदेहास्पद है।

जांच टीम में भाकपा-माले राज्य कमिटी सदस्य व खेत मजदूर सभा के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, माले मुशहरी प्रखंड सचिव विमलेश मिश्र, आइसा के राज्य सह सचिव रौशन कुमार, माले प्रखंड कमिटी सदस्य उमेश भारती, नरेश राय, उत्तम कुमार निराला, शंभु राम, अनिल मिश्र व आइसा के बबलू कुमार शामिल थे।

माले व आइसा की जांच टीम ने जांच रिपोर्ट जारी करते हुए सरकार से मांग की है कि दलित छात्रा पूनम की मौत-हत्या की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, मौत-हत्याकांड को विद्यालय प्रशासन व पुलिस द्वारा रफा-दफा करने की साजिश पर रोक लगाई जाए तथा उन पर सख्त कारवाई की जाए, मृतक छात्रा के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा तथा परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

# बदमाशों ने अलग-अलग दो महिलाओं से की सोने के चेन की छिनतई, विवेक विहार में 25 हजार रुपए छीना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर में बाइक सवार चेन स्नैचर्स गिरोह ने सोने का चेन पहनी महिलाओं का घर से निकलना दूभर कर दिया है। बाइक सवार बदमाशों ने लगातार चौथे दिन चेन स्नेचिंग की घटना कर सनसनी फैला दी है। बाइक सवार बदमाशों ने शनिवार की सुबह नगर थाना से सटे थानेश्वर स्थान मंदिर के पास मॉर्निंग वाक पर निकली महिला के गले से सोने का चेन छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित महिला की पहचान नगर थाना क्षेत्र के ताजपुर रोड निवासी एलआईसी एजेंट रामेन्द्र प्रसाद राय की पत्नी बंदना कुमारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि पीड़िता हर रोज की भांति अपने पति के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली हुई थी। इसी दौरान नगर थाना के पास थानेश्वर स्थान मंदिर के पीछे बाइक सवार दो बदमाशों के द्वारा उनके गले से सोने का चेन छीन लिया गया। घटना के बाद बाइक सवार बदमाश डीआरएम ऑफिस रोड की तरफ तेजी से फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित महिला के द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया है कि मामले की सूचना के बाद पुलिस बदमाशों की धर-पकड़ में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर शहर से सटे मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के विवेक विहार मोहल्ले में बाइक सवार बदमाशों ने एक गैस एजेंसी के वेंडर श्रवण चौधरी से लगभग 25 हजार रुपए व मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। वहीं विवेक विहार मोहल्ले में ही बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने का चेन छीन लिया और फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मुफ्फसिल पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है।

# प्रेमचंद जयंती समारोह की बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में प्रेमचंद जयंती समारोह समिति की हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि बाल वर्ग से लेकर स्नातकोत्तर के छात्र- छात्राओं के लिए निबंध, भाषण, चित्रांकन, काव्य-पाठ, संगीत एवं गणित आदि विविध बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 28 जुलाई को स्थानीय एमएलएसएम कॉलेज ,दरभंगा में आयोजित किया जाएगा। बैठक समारोह के उपाध्यक्ष और हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। प्रो. कुमार ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बौद्धिक प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए 1 जुलाई से 20 जुलाई तक पंजीयन कराना होगा। प्रेमचंद- जयंती समारोह का मुख्य समारोह तीन चरणों में आयोजित होना तय हुआ।

प्रथम चरण में 28 जुलाई को विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन व दूसरे चरण में 31 जुलाई को प्रेमचंद -जयंती के अवसर पर ह्यप्रेमचंद साहित्यह्व विषय पर परिचर्चा होगी और अंतिम तीसरे चरण में 1 सितम्बर को बौद्धिक प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं सफल प्रतिभागियों को प्रेमचंद -जयंती समापन सह -पुरस्कार वितरण समारोह के मौके पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

गौरतलब है कि उक्त अवसर पर प्रकाशित होने वाली ह्यजन सरोकारह्व स्मारिका के लिए 15 अगस्त तक विद्वानों तथा साहित्यकारों एवं शोधार्थियों से आलेख आमंत्रित किए जायेंगे। बैठक में अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबों से सहयोग से अपील करते हुए प्रेमचंद साहित्य की प्रासंगिकता व महत्व को रेखांकित किया। समिति के सचिव डॉ. लाल कुमार ने स्वागत भाषण और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मोजाहिद आजम ने किया।

इस बैठक में समिति के सदस्य सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो प्रभाशचन्द्र मिश्र, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव, डॉ आनन्द प्रकाश गुप्ता , समिति के उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल साहनी, डॉ मंजरी खरे, मुजाहिद आजम,अनुराग कुमार,मोहम्मद इरशाद, दुर्गा नंद ठाकुर,हरे राम राज,शिवम मिश्रा ,श्रीराम, नीलकमल चौधरी,निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

# सीएम कॉलेज मे संचालित बीबीए व बीसीए को एआईसीटीई से मंजूरी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। यह खबर उत्तर बिहार के ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान दरभंगा और आसपास के लोगों के लिए हर्ष का विषय है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) सीएम कॉलेज, दरभंगा में बीबीए और बीसीए व्यावसायिक पाठ्यक्रम को मान्यता प्रदान कर दिया है। एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त होने के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर सीएम कॉलेज दरभंगा में संचालित बीबीए और बीसीए मैं पढ़ने वाले छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी ज्ञातव्य हो कि भारत सरकार के द्वारा हाल ही में ये अधिसूचना जारी की गई थी कि पूरे देश में जहां कहीं भी बीबीए और बीसीए की पढ़ाई होती है उसे संस्थान को एआईसीटीई से मान्यता लेनी होगी इसी आलोक में सीएम कॉलेज में संचालित उक्त दोनों कोर्स को मान्यता दिलाने के लिए वाणिज्य विभाग अध्यक्ष प्रो ललित कुमार शर्मा के द्वारा प्रयास किया गया और आज उन दोनों



कोर्सों को ऑल इंडिया टेक्निकल एजुकेशन काउंसिल से मान्यता प्राप्त हो गया है प्रो मुश्ताक अहमद प्रधानाचार्य सीएम कॉलेज दरभंगा ने उक्त दोनों कोर्सों को मान्यता मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है और कॉमर्स विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी है कि उनके प्रयास से यह काम बहुत जल्द पूरा हो सका और इसका लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर सीएम कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को मिलेगा विशेष कर निजी और सरकारी कंपनियों में और विभागों में इस मान्यता के बाद हमारे छात्रों को प्लेसमेंट में बेहतर अंक प्राप्त होगा और उन्हें कई तरह की सुविधा प्राप्त होगी सीएम कॉलेज दरभंगा में इन दोनों व्यवसायिक पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए 31 मई 2024 अंतिम तिथि है और उसके बाद जून के प्रथम सप्ताह में लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर नामांकन के लिए छात्रों का चयन किया जाएगा` हर्ष व्यक्त करने वालों में कॉलेज के प्रोफेसर अबसार आलम डॉ अशोक कुमार पोद्दार डॉ रितिक मौर्य डॉ आशीष कुमार बैरियर डॉक्टर शकीरा आलम डॉ संजीत कुमार डॉक्टर शिव शब्बीर श्री रवि कुमार इंजीनियर प्रेरणा कुमारी इत्यादि शामिल हैं।

# जच्चा-बच्चा का शव पहुंचते ही गांव में छाया मातम

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्य ाणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के अजना गांव में सोनू कुमार के 21 वर्षीय पत्नी चंदा कुमारी को प्रसव करने हेतु समस्तीपुर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। जहां शनिवार को इलाज के दौरान इस जच्चा-बच्चा की मौत होने का मामला प्रकाश में आया। वहीं अंजना पैक्स अध्यक्ष हिमांशु कुमार मुन्ना ने बताया कि अंजना गांव के सोनू कुमार के 30 वर्षीय पत्नी चंदा कुमारी के रूप में हुई है। शनिवार को समस्तीपुर के एक निजी क्लीनिक में प्रसव हेतु कुमारी को भर्ती कराया गया। प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा का शनिवार की दोपहर शव अंजना गांव में शव आते ही गांव में कोहराम मच गया। काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं लोग डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे।

# टीबी केयर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुढनी के साभागार में शुक्रवार को डिफरियेंटेड टीबी केयर पर कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन जिला संचारी रोग पदा डा. सीके दास, अतिरिक्त प्रा. स्वा. केंद्र तुर्की के चिकित्सा पदाधिकारी. डा. सुष्मिता पुष्पम, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियारी के चिकित्सा पदाधिकारी गौतम कुमार राकेश ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दिल्ली से पहुंचे चाई संस्था से रुद्रांशी वैष्णव, जिला क्वाडीनेटर आशुतोष कुमार, राकेश वर्मा ने बारिकी से टेक्निकल पुटों को रखा। प्रशिक्षण में चिकित्सक, एलटी, सीएचओ, जीएनएम, एनएनएम ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान डा. सीके दास ने टीबी मरीजों का 11 फिजिकल व 5 लैब टेस्ट करने की विन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस 16 जांच करके कैसे टीवी मरीजों को मृत्यु से बचाया जा सकता है। कुढ़नी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी अतिरिक्त प्राथमिक केंद्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर डिफरियेंटेड टीबी केयर का कार्यक्रम अब चलेगा। टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करने के लिए सीडीओ डा. सी के. दास ने बृहत चर्चा की। जिसमे बताया गया कि 11 फिजिकल टेस्ट व पांच लैब टेस्ट करके कैसे टीवी मरीजों को मृत्यु के मुंह में जाने से बचाया जा सकता है। टीवी मरीजों को उसके रिस्क के आधार पर सही इलाज, सही समय पर प्रदान किया जाए एवं जरूरत पड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में भर्ती करके उचित इलाज किया जाए ! ताकि उसकी जान बचाई जाए । पिछले 1 साल से जिला के तीन ब्लॉक में डिफरियेंटेड टीवी केयर पायलट के रूप में किया जा रहा था। अब कुढनी में भी किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक सह स्वास्थ्य प्रबंधक टप्पू गुप्ता, एसटीएस राजमोहन राम, एसटीएलएस शम्भू ठाकुर, भंडारपाल प्रभुनंदन सिंह, फाइलेरिया इंचार्ज संजीत झा, एलटी राजकुमार चौधरी, विजय कुमार, एलटी, सीएचओ, जीएनएम, एनएनएम सहित कई थे।

कार्यशाला में उपस्थित जिला संचारी रोग पदाधिकारी डा. सीके दास ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुढनी के कोल्डचेन, लैब, ओपीडी, इमरजेंसी, एईएस वार्ड, लेबल रूम का भ्रमण किया।

# दिन-दहाड़े सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर 5 लाख 95 हजार की लूट

प्रात : किरण संवाददाता

हनुमाननगर(दरभंगा) ।विशनपुर थानाक्षेत्र के विशनपुर अतरबेल पथ पर रोड रौबरी की बड़ी बारदात घटित हुई है। दिन-दहाड़े शनिवार को विशनपुर थानाक्षेत्र में एससबीआई के सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर अंतर्जिला सहनी गिरोह के तीन लूटेरों हथियार का भय दिखाकर 5 लाख 95 हजार 250 रुपए लूट लिया। सीएसपी संचालक के शोर मचाने पर गोढैला के ग्रामीणों ने दो अपराधियों को खदेड़कर घर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। जबकि तीसरा अपराधी लूटे गये रुपये लेकर भागने में सफल रहा। घटनास्थल कोलहंटा पटोरी हाइस्कूल से पश्चिम स्थित बुधईया पोखर के निकट की है। गिरफ्तार अपराधी मुजफ्फरपुर जिला के अहियापुर थानांतर्गत विजय छपरा निवासी जागा सहनी का 18 वर्षीय बेटा अर्जुन कुमार व उसी गांव के राजदेव सहनी का 22 वर्षीय बेटा अभिषेक सहनी बताया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब सीएसपी संचालक गोढ़ैला निवासी पंकज कुमार शर्मा अपने साथ रुपयों से भरा बैग लेकर रामस्वरूप चौक स्थित ग्राहक सेवा केंद्र पर जा रहा था। रास्ते में बुधईया पोखर के पास पहले से घात लगाए टीवीएस रायडर बाइक पर सवार 3 अपराधियों ने धक्का मारकर उसे सड़क से नीचे गिरा दिया। उसके बाद उसकी बाइक व रुपयों से भरा बैग लेकर विशनपुर की ओर भागने लगा। बारदात को अंजाम देकर भागने के क्रम में बाइक सवार अपराधियों को सीएसपी संचालक के पिता रामपुकार शर्मा ने ग्रामीणों के सहयोग से गोढ़ैला गांव में पकड़ लिया । लेकिन उन्हें छूरा मारकर जख्मी करते हुए फरार हो गया। ग्रामीणों ने खदेड़कर दो लूटेरों को पकड़ लिया। जख्मी व्यक्ति का इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने सीएचसी हनुमाननगर पहुंचकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी व पकड़े गए अपराधियों से घटना के बारे में पूछताछ की। इस दरम्यान उन्हें मोबाईल पर जानकारी मिली कि फरार अपराधी को भी गांव के कुछ लड़कों ने लूटे गए रुपयों से भरे बैग के साथ पकड़ा था। जब विस्तृत जानकारी ली गई तो पता चला कि गांव के ही पांच ल ड़कों ने मिलकर पकड़े गए तीसरे अपराधी से लूटे गए रुपयों से भरा बैग छीन लिया और उसे भगा दिया। इसके पश्चात लूटे गये रुपयों को पांचों लड़कों ने आपस में बांट लिया। इसका खुलासा पकड़े गए अपराधी से लूटे हुए रुपये छीनकर उसे भगाने का वायरलवीडीओ से हुई। वीडीओ वायरल होने के बाद पुलिस ने गोढ़ैला के एक लड़का को हिरासत में लिया है। आपस में रुपया बांटने वाले शेष अन्य 4 लड़कों व फरार अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिसिया दबिश जारी है।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए एसएसबी ने स्कूली बच्चों संग किया साइकिल रैली का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(प.च) ।शनिवार को बगहा स्थित 21वीं बटालियन एसएसबी मुख्यालय के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत मेरी लाइफ थीम पर मुख्यालय से रामपुर तक और रामपुर से वापस मुख्यालय परिसर तक साईकल रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस साइकिल रैली का शुभारंभ नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक सह सचिव निप्पू कुमार पाठक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमे स्कूली छात्र छात्राओं के साथ बलकर्मी बढ़-चढ़ कर शामिल हुए । रैली का आयोजन मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवन शैली में बदलाव के जरिये आम जनता के बीच बढ़ते हुये प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने व पर्यावरण संरक्षण महत्व के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता की भावना को पैदा करने के लिए किया गया ।बतादें मेरी लाइम थीम के अंतर्गत बटालियन के द्वारा 5 मई से 5 जून तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।इस कार्यक्रम के दौरान बटालियन कमान्डेंट श्रीप्रकाश,द्वितीय कमान अधिकारी अश्वनी कुमार, उप कमांडेंट श्री उमा शंकर नाशना समेत वाहिनी के सभी बलकर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

टेटिया बंम्बर (मुंगेर)। सरस्वती शिशु मंदिर टेटिया बम्बर के प्रांगण में भैया बहनों के बीच वंदना प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।, जिसमें बहन भाई बेबी कुमारी ने प्रथम स्थान भैया युवराज, दूसरी स्थान तथा भैया आयुष कुमार तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी को विद्यालय की ओर से पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कहा की मेहनत करने से सफलता प्राप्त होता है। उन्होंने विजेता प्रतिभागी वंदना कुमारी सुप्रिया कुमारी एवं कार्यक्रम प्रमुख सत्यम को आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर आचार्य राजकिशोर शाह, सत्यम कुमार, सुप्रिया कुमारी, काजल कुमारी आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### ट्रेन के चपेट में आने से एक विक्षिप्त युवक की गई जान

बरियारपुर (मुंगेर)। जमालपुर भागलपुर रेल खंड पर बरियारपुर एवं कल्याणपुर स्टेशन के बीच सीतारामपुर नजीरा गांव के समीप डाउन ट्रैक पर एक विक्षिप्त युवक की मौत ट्रेन के चपेट में आने से हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच पुलिस के द्वारा युवक की पहचान कराने का प्रयास किया गया लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाया है। युवक किस ट्रेन की चपेट में आया इसकी जानकारी नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक आए दिन विक्षिप्त अवस्था में सड़कों पर घूमते देखा जाया करता था। युवक की उम्र 28 वर्ष के करीब है। युवक किस ट्रेन की चपेट में आया इसकी जानकारी नहीं हो पाई मृत युवक को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया गया है।

### नाबालिक लड़की को पुलिस ने किया बरामद

बरियारपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के चिड़ैयाबाद गांव से 11 मई को गायब हुई एक 14 वर्षीय बालिका को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया की चिड़ैयाबाद गांव निवासी संजय कुमार तांती ने 16 मई को थाने में आवेदन दिया था कि 11 मई से उनकी 14 वर्षीय नाबालिक पुत्री घर से गायब है। इस बीच सभी रिश्तेदारों के घर नाबालिक लड़की की खोजबीन की गई। लेकिन पुत्री का पता नहीं चल पाया। थाने में आवेदन उपलब्ध कराते हुए बताया था कि बक्सर जिला के सिमरी थाना क्षेत्र के डोंगरी गांव निवासी श्रीराम ठाकुर का पुत्र रंजन कुमार के मोबाइल नंबर पर पुत्री का अक्सर बात हुआ करता था। रंजन कुमार का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर डोंगरी गांव में ही रंजन कुमार की बहन के घर से नाबालिक गायब बालिका को बरामद कर लिया गया। जिसे न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराने हेतु भेजा गया हैं।

### बरियारपुर थाना प्रांगण में जनता दरबार का आयोजन किया गया

बरियारपुर (मुंगेर)। थाना प्रांगण में भूमी विवादों के निष्पादन के लिये जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एस आई पुजा कुमारी ने किया। वहीं लेखा लिपिक के रुप मे धरमवीर राम हलका कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर करहरिया दक्षिणी पंचायत के रामप्रसाद साह ने लिखित आवेदन में बताया हमारे रैयती भूमी को सूरजु सदा पिता भरतु सदा ने अपना मकान निर्माण कार्य करना प्रारंभ किया। उक्त जमीन खाता नम्बर 1136 खेसरा 2786 रकवा 10 डिसमिल जमीन जो मौजा करहरिया 27 अन्तर्गत आपके यहां लगान पंजीकृत है उसे रोक लगाने कि कृपा किया जाय। सहायक थाना अध्यक्ष पुजा कुमारी ने दोनो पक्षों को अपनी मुल कागजातों के साथ अगली शनिवार को सदेह उपस्थित होने का आदेश देते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश देते हुए कहा आदेश प्राप्ति के बाद ही दोनों पक्षों को हिदायत दी जाती है की अगले आदेश के बाद ही निर्माण कार्य किया जा सकता है कोई भी पक्षों द्वारा उक्त भुखंड पर किसी तरह की विवाद न हो।

### भूमि विवाद को लेकर हुआ मारपीट, 11 लोग हुए जख्मी

गंगटा (मुंगेर)। गंगटा थाना क्षेत्र के जनार्दन गढ़ी गांव में भूमि विवाद को लेकर जमकर मारपीट होने का समाचार प्राप्त हुआ है। इस मारपीट में करीब 11 लोग घायल हुए हैं। राम जी यादव एवं सुनील कुमार यादव दोनों पक्ष के बीच जमीन बंटवारे को लेकर आपसी विवाद उत्पन्न हो गया। विवाद इतनी बढ़ गया कि गाली गलोज के साथ मारपीट होने लगा। इस घटना में दोनों पक्षों को गंभीर चोटे आई है। मारपीट की घटना की सूचना पर गंगटा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को थाने पर ले आया। दोनों पक्षों की ओर से थाना अध्यक्ष के नाम से आवेदन दिया गया है। गंगटा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। समाचार भेजें जाने तक सभी पक्ष अपना अपना इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खरगपुर में कर रहे हैं।

# न्याय की गुहार ले कई वरीय अधिकारियों के दफ्तर के काट रहा चक्कर : पीड़ित

**प्रात : किरण/ संतोष कुमार**

भागलपुर। इन दिनों जिले भर के कई थाना इलाके में पुलिस कार्रवाई को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर लोग तरह तरह की चर्चा करते दिख रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े कर एक पीड़ित भाई अपने मृत बहन के रहस्यमय तरीके से हुई हत्या मामले को लेकर दोषियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर कई बरीय अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इसी बीच पीड़ित भाई अपनी न्याय की फरियाद की गुहार ले डीआईजी कार्यालय पहुंचा है। जहां उन्होंने अपनी बहन रेनू की हत्याकांड को लेकर कई तरह के रहस्यों का उजागर करते हुए कहा कि मेरी बहन के हत्यारे अब तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर चल रहा है, तो वही पुलिस द्वारा अपने उपलब्धि हासिल करने की जद्दोजहद में हत्याकांड को अन्य किसी की गिरफ्तारी कर हत्याकांड के मामले को लंबित प्रकरणों में डालने की रणनीति अपनाई जा रही हैं। वही मामले को लेकर मृतिका के भाई ने हत्या के पीछे का कई रहस्यों को लेकर कई तरह के तथ्यों को पेश कर बताया कि बहन रेणु भागलपुर अपनी पढ़ाई करने व अफसर बनने की तैयारी में लगी हुई थी। जहां एक युवक ने मेरी बहन रेणु को झांसा देकर पहले प्रेम जाल में फंसाया और एक साजिश के तहत उसके साथ विवाह किया और फिर दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा था। वही उन्होंने बताया कि बहन रेणु पढ़ने में काफी तेज थी और दरोगा सहित कई तरह की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर भागलपुर में रहकर वह परीक्षा तेयारी कर रही थी।

वहीं उक्त युवक ने योजनाबद्ध तरीके से बहन को झांसे में लेने के साथ हत्या की साजिश को अंजाम दिया है ज्ञात हो कि उक्त युवक पूर्व से शादीशुदा था और उसने एक योजना के तहत बहन को फंसाने के रणनीति बनाई गई थी। आपको बता दे की मृतिका के भाई इंद्र कुमार के द्वारा विगत 29 अप्रैल को बाईपास थाना में लिखित आवेदन देकर अपने बहन के हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। उन्होंने अपने लिखित आवेंदन में जिक्र किया था कि उसके ससुराल वालों के द्वारा मेरी बहन की हत्या कर



साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसके शव को गायब कर दिया गया है। उक्त मामले को लेकर बाईपास थाना द्वारा सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया था। वही पुलिस के द्वारा मामले का 36 घंटे के भीतर उद्वेदन करने में अपनी उपलब्धियों के मद्देनजर एक अभियुक्त गांधी कुमार उर्फ. रणधीर को गिरफ्तारी करने के साथ अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई थी, लेकिन घटना मामले की सत्यता कुछ और ही है, वही दूसरी तरफ हत्याकांड के मुख्य आरोपी पति रजनीश दास और उनके साथ साजिश में शामिल अन्य कई लोग पुलिस की गिरफ्त से अबतक बाहर है। वहीं दूसरी तरफ मृतिका के भाई इंद्र अपने बहन के हत्यारे को सजा दिलाने व बहन को इंसाफ दिलाने के लिए अबतक कई वरीय पदाधिकारियों के दफ्तर का चक्कर लगाता हुआ दिख रहा है। वही उक्त मामले को लेकर भाई इंद्र थक हार कर भागलपुर रेंज के डीआईजी विवेकानंद के कार्यालय पहुंच कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

**हत्याकांड के पीछे क्या है सच:** विगत 28 अप्रैल की देर रात उसके ससुराल वालों ने बहन रेणु की हत्या कर एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया था। वही साक्ष्य छुपाने के नियत से उसके पति सहित परिवार के सदस्य व कुछ दोस्तों ने मिलकर बाईपास थाना अंतर्गत पिस्ता सुखा बहियार स्थित जोगिया नहर के पास उसके शव को दफन कर दिया था। वहीं मृतिका की पहचान ना हो सकें जिसके लिए अपराध कर्मियों ने उसके चेहरे व शरीर पर तेजाब भी डाल दिया गया था। वहीं मृतिका का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी सामने आ गया है जिसमें चिकित्सक द्वारा मृतका की हत्या गला दबाकर किये जाने की बात कही गई है।

**सड़यंत्र के पीछे एक बड़ी साजिश:** हत्याकांड के पीछे एक बड़ा सड़यंत्र है, मृतिका रेनू के भाई ने बताया कि मेरी बहन भागलपुर में रहकर पढ़ाई करते चल रही थी। वही किसी तरह उसकी मुलाकात रजनीश दास नामक युवक से हुई और वह उनके बातचीत के झांसे में आने के साथ एक दूसरे को पसंद करने लगे। इसी क्रम में युवक रजनीश ने मेरी बहन को झांसा में लेने के उद्देश्य से बहलाने लगा कि तुमको बाहर पढ़ने के लिए भेजेंगे तुमको दिल्ली में पढ़ाएंगे, तुम मुझसे शादी कर लो। वही युवक द्वारा हत्या के 20 दिन पहले बहन के साथ शादी करने की बात कही है। इसी के बीच हत्यारे युवक को मेरी दीदी ने कोर्ट मैरिज का सुझाव दिया थ, तो उसने कहा कि अगर तुम्हारा पिताजी दो लाख रुपया और मोटरसाइकिल दहेज देगा तो हम शादी करेंगे, लेकिन किसी तरह दोनों ने शादी कर ली और रजनीश अपने घर ले गया, जहां मेरी बहन जब उसके घर गई तो वहां कुछ दिनों बाद पता चला कि युवक रजनीश पहले से शादीशुदा है और उसे एक बच्चा भी है। इसी बीच जब उसकी पहली पत्नी घर आई तो मेरी दीदी को मारने पीटने लगा और टॉर्चर भी करने लगी थी। उस पताड़ना से तंग आकर दीदी ने कहा मैं आपके साथ घर में नहीं रहूंगी तो उक्त लोगों ने उसे घर में बंद करके रखने लगा और उसका मोबाइल फोन भी छीनकर अपने पास रख लिया गया था, हम लोगों से उसकी बात जब नहीं होने लगी तो कुछ दिनों बाद रजनीश और रजनीश के परिवार वाले मिलकर मेरी दीदी की हत्या कर एक साजिश के तहत बहन के शव को घर के कुछ दूरी पर जोगिया नहर के पास दफन कर दिया गया था।

वही हत्यारों की योजना रही थी कि मेरी दीदी की पहचान ना हो सके, उसके लिए नमक और चेहरे पर तेजाब भी डाल दिया गया था। वही जिस दिन उसकी हत्या हुई थी तो मैं उसके घर पर गया तो वही मेरे पहुंचने के पहले ही डायल 112 की पुलिस पहुंच चुकी थी। मुझे कहीं से सूचना मिली थी कि मेरी दीदी के साथ कुछ हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि पुलिस अब मेरी बहन के केस में कोई भी दिलचस्पी नहीं ले रही है। वही आरोप लगाते हुए कहा मुझे कहीं से पता चला है कि पैसा लेकर केस को दबाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे भी अब आरोपी रजनीश के परिवार के द्वारा केस उठाने की धमकी दी जा रही है। वही हत्यारे की बहन बोलती है कि अगर केस नहीं उठाओगे तो तुम्हारा भी हत्या करवा देंगे।

**क्या है पूरा मामला:** विगत 29 अप्रैल को सन्होला थाना क्षेत्र के इंद्र कुमार द्वारा अपनी बहन का ससुराल पक्ष पर हत्या करने व साक्ष्य मिटाने के मामले को लेकर बाईपास थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें मामले को गम्भीरता से लेते हुए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू किये को लेकर एसएसपी आनंद कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी मि. राज के निगरानी में डीएसपी विधि व्यवस्था चंद्रदीप के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम गठित की गई थी। जहां पुलिस टीम ने लड़की के ससुराल पक्ष के लोगो से बाईपास थाना अंतर्गत ग्राम कोयली गांव में जांच अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने पूछताछ शुरू की। जिसमें ससुराल पक्ष वालों द्वारा विवाहिता की हत्या कर उसके शव को छिपाने की साजिश मामले में पुलिस ने दुखन मंडल के पुत्र गांधी उर्फ रणधीर कुमार को गिरफ्तार किया था। वही पुलिस द्वारा बताए गए थे कि गिरफ्तार अभियुक्त गांधी मंडल ने पूरे मामले में अपनी संलिप्ता स्वीकारी की। वही उसने मामले को लेकर यह भी बताया था कि 28 अप्रैल की रात उक्त लड़की की हत्या की गई थी। जिसमे वह भी शामिल था और उसके साथ अन्य 7 से 8 व्यक्ति की मदद से शव को नहर के पास गाड़ दिया था। हत्या के कारण को लेकर पुलिस ने कुछ भी नहीं बताया गया। वही पुलिस ने कहा था कि गांधी मंडल उर्फ रणधीर से पुलिस की पूछताछ चल रही है जल्द ही मामले में कई अनसुलझे राज सामने आएंगे। अब देखने वाली बात है कि पुलिस हत्या के मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों को इंसाफ दिलाने में कहा तक सफल हो पाती हैं ये सवाल खड़े होकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना दिख रहा है।

## प्रशिक्षणार्थियों के बीच सर्टिफिकेट का किया गया वितरण

मुंगेर। यूको आर सेटी, मुंगेर के द्वारा खड़गपुर के कैथी में बकरी पालन पर पिछले 10 दिनों से चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को समाप्त हो गया। इस प्रशिक्षण में खड़गपुर प्रखंड के कैथी एवं तेघरा गांव की कुल 35 महिला भाग ले रहे थे। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षक आकाश कुमार के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट यूको आर सेटी के निदेशक गौतम कुमार एवं सेवा भारत के मुंगेर की रंजु प्रकाश, सोनी देवी के द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक देवेंद्र कुमार, सन्नी कुमार एवं कार्यालय सहायक नितीश कुमार आदित्य, कुणाल राज भी मौजूद थे। यूको आर सेटी के



निदेशक ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का प्रयोग अपने घर जाकर करें एवं इस प्रशिक्षण का लाभ उठाएं और स्वरोजगार कर अपनी आय बढ़ाया।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में गरीब लाचार निर्धन लोगों का हुआ इलाज

**प्रात : किरण संवाददाता।**

तारापुर। अनुमंडल क्षेत्र के असरगंज मुख्य बाजार में दिशा एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित मनोरमा पारा मेडिकल कॉलेज के सौजन्य से क्षेत्र के सामान्य, निर्धन, गरीब, लाचार, बेसहारा लोगों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शंभूगंज मोड़ के पास शिव भवन राजलक्ष्मी फार्मा पर आयोजित किया गया। गौरतलब है कि इस शिविर में डायबिटीज, हड्डी रोग, नस रोग, आंख जांच, एवं एवं दांत के लिए चिकित्सा शिविर लगाकर सौ से अधिक लोगों का निशुल्क बेहतर उपचार किया गया। मुफ्त चिकित्सा शिविर का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य पिंकी कुमारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जितेंद्र कुशवाहा ने कहा गरीब वंचित का नि स्वार्थ सेवा करने से आत्म बल के साथ-साथ वृद्धि होती है। दुनिया में किसी भी मनुष्य की सेवा निस्वार्थ करनी चाहिए। आगे कहा की जीवन में मानव सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। जिला परिषद सदस्य पिंकी कुमारी ने कहा कि मैं सालों भर अलग-अलग क्षेत्रों में राजनीतिक सामाजिक आर्थिक इत्यादि के रूप में जब जिसे भी जरूरत पड़ती है मैं उसपर पूरी ईमानदारी के साथ खडा उतरने का पूरा प्रयास करती हूं। शिविर में चिकित्सक के तौर पर डॉक्टर अभिरंजन कुमार ने कहा कि आज के बदलते हालात में श्री कुशवाहा जैसे लोग ही रहते हैं।

## दुकानदार का तक्ष विक्षित शव किया बरामद

**प्रात : किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला क्षेत्र में अपराधियों का अपराध कारनामा थमने का नाम नही ले रहा है। इसी कड़ी में पुलिस जिलांतर्गत परबत्ता थाना क्षेत्र के विक्रमशिला पहुंच पथ मार्ग स्थित एक ढाबा के समीप अपराधियों का एक और कारनामा सामने आया है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि स्थानीय इलाके के गरैया स्थित वैभव होटल के सामने एक पान दुकान संचालक झंडापुर थाना क्षेत्र के झंडापुर शेख टोला के मो. फारूक का क्षत विक्षत अवस्था में शव बरामद किया गया है। मामले को लेकर परबत्ता पुलिस द्वारा विगत देर शाम मृतक पान दुकानदार के मृत शव को कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल नवगछिया पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। वही संबंधित घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दे दिया है। वही घटना



को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक मो. फारूक विगत कई वर्षो से परबत्ता थाना क्षेत्र के वैभव होटल व पेट्रोल पंप के सामने में पान का दुकान संचालन करता चल रहा था। जहां अपराधकर्ताओ ने योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। वही मिली जानकारी के अनुसार देर रात उसके गांव के ही तीन व्यक्ति के द्वारा पान के दुकान पर से बुलाकर उसे कहीं ले जाया गया था। जिसके बाद सुबह पान दुकानदार का शव होटल के पीछे फेंका हुआ बरामद किया गया है। वही घटना को लेकर मृतक के पुत्र मो. महताब आलम ने बताया कि पिता जी के विषय में जब सुबह तक कोई जानकारी नहीं मिला तो वही अचानक मेरे मोबाइल फोन पर एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि आपके पिताजी का शव होटल के पीछे फेंका हुआ देखा गया है जिस पर हम लोगों ने वहां पर पहुंच कर देखा तो सर पर पत्थर से प्रहार किया गया है और उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। वही घटनास्थल के पास से एक गमछा भी पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। वही स्थानीय परबत्ता पुलिस के द्वारा तत्काल जांच अनुसंधान के तहत मृतक दुकानदार को बुलाने वाले एक व्यक्ति झंडापुर के मो. फूलो उर्फ फूल खान को हिरासत में लेकर हत्याकांड से संबंधित जानकारी को लेकर पूछताछ करने में जुट गई है। वही इस घटना को लेकर के मृतक के पुत्र मो. महताब आलम ने बताया कि झंडापुर के तीन व्यक्ति के द्वारा मेरे पिता को योजनाबद्ध तरीके से बुलाकर उसकी हत्या की गई है। वही पुलिस कर्मियों के द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## दबंगों ने अवैध रूप से पैतृक संपत्ति पर किया कब्जा : किसान

**प्रात : किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे लाख कोशिशों के बावजूद क्षेत्र इलाके में अपराधकर्ताओ का कारनामा थमने का नाम नही ले रहा है। इसी कड़ी में नवगछिया पुलिस जिले के गांव इलाके से दबंगों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा जमाने का मामला सामने आया है। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि दबंगों ने जमीन पर कब्जा करने के हेतू स्थानीय किसानों को डराने की कोशिश की है। वही दबंगों के धमकी देने का विरोध किये जाने के बाद ग्रामीणों के साथ मारपीट की घटना घटित होने का मामला उजागर हुआ है। वही घटना को लेकर खरीक अंचल अंतर्गत ढोढ़ीया दादपुर गांव इलाके में दबंगों का लगातार गतिविधि जारी है। मामले को लेकर खरीक थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर जमुनिया के किसान जितेंद्र राय पिता स्व. सुकदेव राय ने नवगछिया पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा को आवेंदन देकर दबंगों के कब्जे से उसके जमीन को दखलदारी हेतू न्याय की गुहार लगाई है। वही एसपी को दिए आवेंदन में पीड़ित किसान जितेंद्र राय ने कहा है कि खरीक अंचल अंतर्गत ढोढ़ीया दादपुर मौजा खाता 357, खसरा 2754 रकबा 94 डिसमिल जमीन मेरे पिता के खातियानी हिस्से में से मुझे बटवारा कर मिला है, जो कि खतियान के 3 नम्बर में संलग्न चल रही है। वही उन्होंने लिखा है कि जब मैं और मेरा पुत्र निखिल कुमार राय जमीन मापी कराने तथा जोतने गया तो खरीक थाना क्षेत्र के ढोढ़ीया लोकमानपुर के दबंग सुरेंद्र यादव पिता स्व. धनुकी यादव, मुकेश यादव, मेंकी कुमार, कुंदन कुमार पिता सुरेंद्र यादव, व कैलाश यादव पिता शत्रुघ्न यादव ने जबरन मेरे जमीन पर कब्जा कर किसी अन्य व्यक्ति को लीज पर चंदा के रूप राशी लेकर जरब्याना कर दे दिया गया है। उक्त नामजद लोगों द्वारा राशी लेकर मेरी पैतृक जमीन को प्रमोद यादव पिता रामोतार यादव व रंजन शर्मा को दे दिया गया है।

जब मैने अपने जमीन को जोतने की कोशिश की तो लीज पर लेने वाले व्यक्ति प्रमोद यादव का कहना हुआ कि लीज में दी हुई राशी मुझे सुरेंद्र यादव से लेकर मुझे लौटा दे, तो ही मैं आपको जमीन पर चढ़ने दूँगा। इस बात को लेकर जब सुरेंद्र यादव से बातचीत कर आग्रह किया तो सुरेन्द्र यादव द्वारा अपने कुछ अपराधी प्रवृत्ति के सहयोगी लोगो के साथ आकर जान से मारने की धमकी देने के साथ मारपीट करने लगा था। वही नामजद अभियुक्तों द्वारा उक्त जमीन को अपना बताकर जान मारने की धमकी दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने लिखा है कि दबंग खुलेआम फोन पर व आमने से जान से मारने की धमकी देता है कि जमीन बिना राशी लिए ही रजिस्ट्री कर दो नही तो गोली मार देंगे की बात कही जा रही है। वही उन्होंने कहा है कि उक्त घटना को लेकर विगत 7 मई को संबंधित नदी थाना में लिखित आवेंदन दिया गया है, लेकिन मामले को लेकर पुलिस अबतक कोई ठोस कार्यवाई नही की गई है। वही मामले को लेकर पीड़ित जितेंद्र का कहना है कि अगर लिखित रूप मे जमीन उसका है तो मैं उस जमीन पर दावा नही करूँगा। लेकिन वह उस संबंधित जमीन का कागजात पेश करें। वही मामले को लेकर पीड़ित जितेंद्र ने एसपी से जमीन पर कब्जा दिलाने हेतू न्याय की गुहार लगायी है। अब देखने वाली बात है कि मामले को लेकर एसपी के पहल पर स्थानीय थाना पुलिस द्वारा न्याय व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में क्या रणनीति तैयार करती है। या यूं ही पीड़ित को थाना का चक्कर लगाते रहना पड़ेगा ये सवाल खड़े होकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना दिख रहा है।

## हत्या समेत अन्य मामले में तीन अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे : एसडीपीओ

**प्रात : किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। विगत वर्ष 25 दिसंबर को पुलिस जिला के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खनन निरीक्षक भागलपुर एवं गोपालपुर थाना गशती टीम के द्वारा अबैध खनन व परिवहन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गई छापेमारी के क्रम में स्थानीय होटल पैलेस के सामने अबैध रूप से बालू का भंडारण कर डंप किया हुआ प्रत्यक्ष रूप से देखा गया है। वही भंडारित स्थल से निकल रहे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है तो वही टीम द्वारा इस संबंध में खनन निरीक्षक मुनि महेश सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर गोपालपुर थाना कांड दर्ज किया गया है। वही पुलिस द्वारा कांड अनुसंधान के क्रम में दोनो प्राथमिकी अभियुक्त गोपालपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया मकंदपुर के पप्पू साह पिता उपेंद्र साह, सोनू कुमार पिता पप्पू साह को थाना के पुअनि कृष्ण कन्हैया के द्वार अचानक दबिश देकर उसके घर के समीप से गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वही दूसरी तरफ परबत्ता थाना पुलिस द्वारा लंबित प्रकरणों में चल रहे अपहरन कांड के उद्भेदन किये जाने की दिशा में कार्रवाई करते हुए अपहृत युवती को बरामद किया गया। वही दूसरी तरफ परबत्ता थाना पुलिस द्वारा अपहृता को बरामद किया गया है। जबकि खरीक थाना पुलिस टीम द्वारा हत्या समेत अन्य मामले के प्राथमिकी अभियुक्त को भवानीपुर थाना क्षेत्र के चकरामी गांव के चंदन शर्मा पिता सुभाष शर्मा ने पुलिसिया दवाब के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। जहां पुलिस ने उसे हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी एसडीपीओ नवगछिया ने दी है।

## कर्मी के साथ मारपीट को ले अभियंता ने दिया आवेंदन

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर क्षेत्र स्थित विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता रविशंकर कुमार ने बिहपुर थाना में लिखित आवेंदन देकर सरकारी कार्य में बाधा डालने व विद्युत कर्मी के साथ मारपीट करने के मामले को लेकर केस दर्ज कराया है। अभियंता के लिखित आवेंदन में लिखा है कि नए विद्युत कनेक्शन संबंधित जानकारी लेने वाले उपभोक्ताओं के स्थल परिसर की जांच के लिए कनीय सारणी पुरुष छोटू कुमार को भेजा गया था। वही इस कार्य के दौरान सोनवर्षा टोला झगड़बिग्घी वार्ड 2 इलाके में प्रिंस कुमार पिता बिंदेश्वरी कुमार व विक्रमपुर वार्ड 9 के काली चरण दास पिता रघुनाथ दास व दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा कर्मी छोटू कुमार के हाथ से विभागीय कागजात छीनकर फाड़ दिया गया है। वही प्रिंस कुमार के द्वारा लात घूंसों से संबंधित कर्मी के साथ मारपीट किया गया है।


## एजेंसी व स्टॉकिस्ट के नाम रूपया ठगी का कराया मामला दर्ज : ग्रामीण

**प्रात : किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सोनवर्षा कंपनी टोला के ग्रामीण सुरेंद्र कुमार पिता स्व. आशुतोष कुमर ने बिहपुर थाने में आवेंदन देकर ऑर्गेनिक खाद्द एजेंसी व स्टॉकिस्ट देने के एवज में सुरक्षा राशी के रूप में 51 हजार रूपए की ऑनलाइन ठगी करने के मामले को लेकर साइबर अपराध के तहत केस दर्ज कराया है। वही थाना में दिए गए आवेंदन में पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने लिखा है कि जितेंद्र पांडे और अभिनव कुमार सिंह समेत अज्ञात आधा दर्जन लोग एग्रीकल्चर बाइट टेक्नोलॉजी फॉर्म (कंपनी) है जो कि भोलेभाले बेरोजगारों को अपने षड्यंत्र कर उन्हें अपने लूट का शिकार बनाने के साथ ठगने के उद्देश्य से क्षेत्र में कार्यालय खोला गया है। आवेदन में उपरोक्त अभियुक्तों पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि विगत 28 फरवरी 2024 को आधा दर्जन व्यक्तियों के साथ आए और आर्गेनिक खाद्द की एजेंसी का स्टॉकिस्ट लेने की बातचीत की। इस दौरान उक्त कंपनी के कुछ कागजात दिखाया गया। जिसमें हेड ऑफिस वर्धमान नगर छत्रीबाग इंदौर मध्यप्रदेश और ब्रांच ऑफिस बरारी रोड श्रीराम इमरजेंसी हॉस्पिटल राजेंद्र नगर भागलपुर जीरोमाइल दिखाया था। जहां पर ऑर्गेनिक खाद्द एजेंसी स्टॉकिस्ट देने के लिए गोदाम कन्फर्मेशन फॉर्म भरवाए। जिसके बाद सुरक्षा राशी के रूप में एचडीएफसी बैंक के खाते पर फोन पे के माध्यम से 40 हजार और कंपनी के नाम पर यूटीआर नम्बर पर 11 हजार रूपए ट्रांसफर कड़वा लिया गया है। जिसका छायाप्रति साक्ष्य के रूप में दिये गए हैं। वही जब उन सभी को मोबाइल पर संपर्क साधने का प्रयास किया तो टालमटोल के बाद सभी ने मोबाइल बंद कर लिया है। वही पता चला की बरारी स्थित उक्त कंपनी का जो ब्रांच ऑफिस था वह भी बंद हो गया है। वही पीड़ित ग्रामीण ने दोषियों पर कानूनी कार्यवाई की गुहार लगाई है। मामले को लेकर बिहपुर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सिकंदर कुमार ने कहा कि कांड दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। जल्द ही दोषियों को पकड़कर सलाखों के अंदर भेजा जाएगा।

## शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ित कर रहे हैं केके पाठक : डॉ. नितेश

नवगछिया (भागलपुर)। विधान परिषद के पूर्व उम्मीदवार डॉ. नितेश यादव ने कहा कि बिहार के शिक्षा विभाग के अपर सचिव के के पाठक इन दिनों शिक्षकों पर मानसिक तौर अत्याचार करते चल रहे हैं, जिस तरह से रोज-रोज नए-नए नियम कानून को लागू किया जा रहा है, कहीं न कहीं वह शिक्षा के विकास के लिए नहीं बल्कि शिक्षकों को मानसिक तौर पर रोगी बनाने के लिए किया जा रहा है, इसके लिए जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। वही डॉ. नितेश ने बताया कि अगर के के पाठक के ऊपर ही जांच किया जाए तो करोड़ों रुपए के घोटाले उजागर होंगे, वह अपनी घोटाला को छुपाने के लिए रोज नए-नए नियम बनाते हैं, जो की प्रासंगिक नहीं होता है, जिससे शिक्षकों में भय का माहौल व्याप्त है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के एमएलसी एक साथ



बयान दे रहे हैं फिर भी अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोई एक्शन नहीं लेते है तो इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा एवं जदयू सरकार के के पाठक को संरक्षण दे रही है। आचार संहिता खत्म होने के बाद के के पाठक के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही डॉक्टर नितेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्ताधारी भाजपा जदयू के स्नातक शिक्षक प्रतिनिधि को सड़क पर उतरना चाहिए अगर नहीं उतरते हैं तो ऐसे प्रतिनिधि को स्नातक और शिक्षकों को हारना चाहिए।

## एनएच 31 पर लगा महाजाम, लोग भी रहे हलकान

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला के मुख्य सड़क मार्ग एनएच 31 पर वाहनों की लंबी कतार लगी दिखी थी। वही देर शाम तक सड़कों पर वाहनों का रुक-रुककर इस कदर जाम लग जाने से आसपास के इलाके में वाहनों की लंबी कतार के साथ जाम की समस्या से ग्रामीण सहित अन्य यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। वही इस भीषण गर्मी व सूर्य की तपिस के बीच एक साथ चारों तरफ वाहन की लंबी कतार देख लोगों के होश उड़ गए लग गया था। बताया जा रहा है कि स्थानीय इलाके के मकनपुर चौक से लेकर गोसाईगांव मुख्य बाजार व कुसेर्ला तक सभी नवगछिया की ओर से चारों तरफ गाड़ियों की भीड़ लगी हुई थी लेकिन स्थानीय लोग एवं नवगछिया पुलिस के सहयोग से तत्काल उसे रोका गया तब तक वाहनों की इतना लंबा कतार हो गया था कि लोग ओवरटेक करके आगे पीछे गाड़ी घुसने लगे थे।

## बिहार सरकार ने खड़गपुर सहित राज्य की सभी जलाशय का निर्माण कराएगी

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। बिहार सरकार ने राज्य के किसानों को सुखा से निपटने के लिए राज्य की 23 जलाशय योजनाओं का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। जल संसाधन विभाग सूत्रों ने बताया कि जल संसाधन विभाग में जिला के सभी जलाशय निर्माण को लेकर डीपीआर बनाने का निर्देश दिया है। इसमें इस जलाशय को लेकर विस्तृत जानकारी तैयार की जाएगी। इसका विस्तार इसकी क्षमता इसके कितने क्षेत्र में सिंचाई होंगे और यह कितने क्षेत्र की पानी की जरूरत को पूरा कर सकेगा। इन सब की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस पर होने वाले खर्च और निर्माण की अवधि भी इसका हिस्सा होगा। पिछले दिनों जल संसाधन विभाग में इसको लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई थी। उधर विभाग के निर्णय के बाद बड़ी इंजीनियर आगे की योजना में जुट गए हैं माना जा रहा है कि शीघ्र ही इसकी डीपीआर तैयार कर ली जाएगी इसके बाद जल से निर्माण की पहल होगी इस समय सुबह में 23 बड़े जलाशय से जल का निकता हैं। रोहतास के कैमूर कैमूर के दुर्गावती जिला से पानी की आपूर्ति होती है इससे पूरे इलाके की आवश्यकता पूरी नहीं हो सकती है। लिहाजा वहां जलाशय की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। खड़गपुर जिला से योजना चानन जिला से का बिलनी बिलनी जलाशय जमुई का नई फुलवरिया नालंदा का कुल महादेव नवादा का दुर्गावती कैमूर का ओढ़नी बांका का बेलहरना जमुई मुंगेर मुंगेर का जल कुंड अंजना जमुई का अमृत श्रीखंडी जमुई का गैंग गहरी जमुई के किला कैलाश घाटी बास्कुंड लखीसराय मोरबी पुरैनी नवादा का जॉब तारा कल बताने औरंगाबाद बदुआ भागलपुर मुंगेर नकटी जमुई को हीरा कैमुर इन योजनाओं का निर्माण कराया जाएगा।

## जिले भर के बच्चो को जे ई टीकाकरण करवाये: जिलाधिकारी

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा आज समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, हेल्थ मैनेजर सभी सीडीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए। आई०एफ०ए० गोली वितरण की समीक्षा में सिविल सर्जन ने बताया कि हर गर्भवती महिला को 180 गोलियां आयरन की तथा 360 गोलियां कैल्शियम की देनी होती है। इसमें मोहनपुर एवं टनकुप्पा काफी काम प्रगति पर है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं को चार एएनसी चेकअप करवाया जाता है। चेकअप में कोई लापरवाही नही बरते। गर्ववती महिलाओं को सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाए। चेकअप में आने वाले सभी गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से हीमोग्लोबिन की जांच करें वैसी महिला जिनका हीमोग्लोबिन कम है उन गर्भवती महिलाओं पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड हेल्थ मैनेजर विशेष रूप से फोकस रखें एवं उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाते हुए खिलवाना सुनिश्चित करें। एएनसी रजिस्ट्रेशन के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने अपने अपने क्षेत्र के सभी आशा को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का सर्वे का कार्य गुणवत्ता पूर्ण करें।

